



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 171

ग्वालियर, गुरुवार, 10 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## ईवीएम को लेकर बनारस में हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा, अखिलेश और राजभर ने लगाए गंभीर आरोप

**वाराणसी।** वाराणसी में जिस ईवीएम को लेकर देररात तक हाई-वोल्टेज ड्रामा चला, उसे लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और ओमप्रकाश राजभर ने मोर्चा खोल दिया है। पहड़िया मंडी स्थित मतगणना स्थल पर ईवीएम में फेरबदल का आरोप लगाते हुए सपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने ईवीएम लेकर मतगणना स्थल से बाहर निकले एक वाहन को रोक लिया और उस ईवीएम की जांच की मांग के साथ धरने पर बैठ गए। उनका आरोप था कि शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम में फेरबदल किया



जा रहा है, पर इसकी सच्चाई अलग निकली। जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलराज शर्मा ने सपा कार्यकर्ताओं के आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि ईवीएम में फेरबदल की बात कोरी अफवाह है। ईवीएम बुधवार को मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए ले जाई जा रही थी। बुधवार को यूपी कॉलेज परिसर में मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण होना है। इसके लिए शाम पांच बजे बिना उपयोग की गई ईवीएम पहड़िया से यूपी कॉलेज भेजी जा रही थी। दो वाहनों से ईवीएम भेजी जा चुकी थी। इस बीच खबर मिलने पर सपा कार्यकर्ता पहड़िया मंडी के गेट पर पहुंचे और ईवीएम लदे एक वाहन को रोक लिया। सूचना मिलने पर प्रशासनिक व पुलिस अफसरों के साथ भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच



गई। अफसरों ने धरनारत सपाइयों को समझाने का प्रयास किया मगर वे धरना खत्म करने को तैयार नहीं हुए। सपा के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने पूरे प्रकरण की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जानकारी दी। समय बीतने के साथ धरनास्थल पर सपा कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ती जा रही थी। सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ट्वीट कर मतगणना में धांधली की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा वाराणसी में ईवीएम पकड़े जाने का समाचार उप्र की हर विधानसभा को चौकन्ना रहने का संदेश दे रहा है। मतगणना में धांधली की कोशिश को नाकाम करने के लिए सपा-गठबंधन के सभी प्रत्याशी और समर्थक अपने-अपने कैमरों के साथ तैयार रहें।

# वर्ष 2022-23 का बजट भारी हंगामे के बीच पेश

- इस बार कोई नया कर नहीं लगाया गया, चाइल्ड बजट भी हुआ पेश
- 2 लाख 79 हजार 237 करोड़ का कुल बजट प्रस्तुत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में आज विपक्ष के जोरदार हंगामे के बीच वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने 2022-23 का बजट प्रस्तुत किया। हंगामे में बीच वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा बजट पढ़ रहे थे और कांग्रेस विधायक आसंदी के सामने जाकर लगातार नारेबाजी करते रहे। कांग्रेस का कहना है कि प्रदेश में एक साल में साढ़े पांच लाख लोग बेरोजगार हो गए। बिजली के बिल के नाम पर सरकार लोगों को जेल में डालने का काम कर रहे हैं। किसान भी परेशान हैं। इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की जनता बजट भाषण सुनना चाहती है। बजट भाषण शांति से सुने। इसके बाद इस पर चर्चा हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा-बजट भाषण हो जाने दीजिए। ऐसा नहीं होगा तो कांग्रेस की छवि खराब होगी। बजट के बाद जितना विरोध करना है कर लेना। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि विपक्ष को यह भी नहीं बता कि बजट का विरोध कब करना चाहिए। उन्होंने कहा बजट पेश हुआ नहीं और उसके पहले ही विरोध शुरु हो गया। इससे पहले वित्तमंत्री ने जैसे ही भाषण शुरू किया तो विपक्ष के विधायक हंगामा और नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। विपक्ष की नारेबाजी तब तक चलती रही जब तक की पूरा बजट भाषण समाप्त नहीं हो गया। नए बजट में प्रदेश की जनता पर इस वर्ष कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया जाएगा और न ही में कोई टैक्स बढ़ाने का प्रस्ताव है। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच अपने बजट भाषण में वित्तमंत्री जगदीश देवडा ने कहा सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 20प्रतिशत से बढ़ाकर 31प्रतिशत किया



जाएगा। साढ़े सात लाख कर्मचारियों को इसका फायदा होगा।

### एमबीबीएस/नर्सिंग की बढेगी सीटें

एमबीबीएस की 2035 से बढ़ाकर 3250 सीट की जाएंगी। नर्सिंग की 50 और सीटें बढ़ाकर 320 की जाएंगी।भोपाल, इंदौर, जबलपुर में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर 217 इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। भोपाल के बगरोद और बैरसिया में उद्योग पार्क बनेंगे। स्पोर्ट्स साइंस सेंटर की स्थापना की जाएगी।जनजाति विकास निगम बनेगा। गायों की सेवा के लिए नई योजना शुरू की जाएगी।बुरहानपुर जिले के हर घर को नल-जल की सुविधा मिल रही है। यह पहला जिला बन गया है।अजा वित्त विकास निगम के लिए 40 करोड़ का प्रावधान किया गया है। ओबीसी के लिए पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम के लिए 50 करोड़ का प्रावधान है।

### दुग्ध उत्पादन योजना के लिए 1050 का प्रावधान

दुग्ध उत्पादन योजना शुरू होगी। इसके लिए 1050 का प्रावधान है। प्रदेश में घर-घर पशु चिकित्सा सेवा शुरू होगी। मछली पालन के क्षेत्र में रोजगार की संभावना है। मुख्यमंत्री मत्स्य पालन योजना शुरू होगी। इसके लिए 50 करोड़ का प्रावधान है।13000 टीचर्स की नियुक्ति की जाएगी। 11 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे।अजा-अजजा और ओबीसी की महिलाओं के स्वरोजगार के लिए भी काम किए जा रहे हैं। यह काम स्व-सहायता समूहों के जरिए हो रहा है। इनको 2000 करोड़ रुपए का क्रेडिट दिया जाएगा। 31 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। 10 हजार करोड़ का प्रावधान रखा गया है। भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क शुरू हो रहे हैं, उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क को मंजूरी दी गई है। उघोगों को रियायती दरां पर रियायत पर जमीन दी जाएगी।

### 11 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित होंगे

राज?य में 11 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इससे 11 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर विकसित होंगे। भारी हंगामें के बीच वित्त मंत्री वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कियह बजट आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का संकल्प है। उन्होंने कहा-सरकार पूरी तरह से अन्नदाताओं के साथ है। प्रदेश में सिंचाई क्षमता 43 लाख हेक्टेयर में पहुंची है। 48 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की व्यवस्था। 21 हजार करोड़ रुपये की बिजली सब्सिडी दी गई। 2500 करोड़ बिजली सब्सिडी देने का प्राविधान। 4000 किमी सड़के बनाने का लक्ष्य इस साल। अटल प्रगति पथ का काम शुरू हो चुका है। 2020-21 में राजकोषीय घाटा 49869.29 करोड़ रुपए रहा, 2021-22 में राजस्व घाटा 5701.14 करोड़ रुपये रहने की संभावना है। 2021-22 में राजस्व प्राप्तियों का पुनरीक्षित अनुमान 171697.24 करोड़ है जो बजट अनुमान 164677.45 करोड़ से 4.26 प्रतिशत अधिक है।

### 360 स्कूल खोलने का लक्ष्य

सीएम राइज योजना के तहत मध्य प्रदेश 360 स्कूल खोलने का लक्ष्य है। मध्य प्रदेश के सागर, शाजापुर और उज्जैन में सोलर प्लांट बनेंगे। वित्तमंत्री ने कहा मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर नए रोजगार शुरू किए जाएंगे। मध्य प्रदेश में 31 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा, इसके लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान रखा गया है। प्रदेश के खिलाड़?यों के लिए सरकार लगातार बेहतरी का प्रयास कर रही है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 12 हजार खिलाड़?यों की प्रतिभागिता का अनुमान है। प्रदेश में नवीन हवाई पटिट्यों का निर्माण कार्य जारी।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार ऋण

युवाओं को रोजगार ऋण प्रदान किया जाएगा। मध्य प्रदेश में मछली उत्पादन बढ़ा है। यह 3776 करोड़ रुपए के घाटे का बजट है। मध्य प्रदेश सरकार 48,800 करोड़ रुपये सरकार अधोसंरचना पर खर्च करेगी। सरकारी प्राथमिक शालाओं की स्थापना हेतु 10345 रुपए का प्राविधान है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर में पीपीपी माडल पर 217 इलेक्ट्रॉनिक व?हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। तीन हजार किमी की नई सड़कें बनेंगी। एक हजार 250 किमी सड़क का नवीनीकरण होगा।

### बजट के मुख्य बिंदु

कुल विनियोग की राशि रुपए 2,79,237 करोड़ एवं कुल शुद्ध व्यय रुपए 2,47,715 करोड़ का प्रावधान, राजस्व घाटा रुपए 3,736 करोड़ सकल राज्य घरेलू उत्पाद से राजकोषीय घाटे का 4.56 प्रतिशत अनुमानित अनुमानित राजस्व प्रातियां रुपए 1,95,180 करोड़ है, जिसमें राज्य के स्वयं के कर की राशि रुपए 72,860 करोड़, केन्द्रीय करों में प्रदेश का हिस्सा रुपए 64,107 करोड़, करेत्तर राजस्व रुपए 13,618 करोड़ एवं केन्द्र से प्राप्त सहायता अनुदान रुपए 44,595 करोड़ शामिल वर्ष 2022-23 में वर्ष 2021-22 के पुनरीक्षित अनुमान की तुलना में राज्य स्वयं के कर राजस्व में 13प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित वर्ष 2022-23 में वर्ष 2021-22 के पुनरीक्षित अनुमान की तुलना में राजस्व व्यय में 12प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित, वर्ष 2022-23 में वर्ष 2021-22 के पुनरीक्षित अनुमान की तुलना में पूंजीगत व्यय में 20.7प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित वर्ष 2022-23 में पूंजीगत परिव्यय राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 4.2 प्रतिशत अनुमानित . वर्ष 2022-23 में राजस्व घाटा राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का -0.32 प्रतिशत . वर्ष 2022-23 में ब्याज भुगतान कुल राजस्व प्राप्तियों का 11.4प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति (सब स्कीम) हेतु रुपए 26,941 करोड़. अनुसूचित जाति (सब स्कीम) हेतु रुपए 19,020 करोड़. सरकारी प्राथमिक शालाओं की स्थापना हेतु रुपए 10345 करोड़ का प्रावधान. प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु रुपए 10000 करोड़ का प्रावधान. जल जीवन मिशन (जे जे एम) नेशनल रूरल ड्रिंकिंग वाटर मिशन हेतु र6300 करोड़ का प्रावधान माध्यमिक शालायें हेत रुपए 6212 करोड का प्रावधान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन हेतु रुपए 1144 करोड़ का प्रावधान, नहर तथा उससे संबंधित निर्माण कार्य हेतु रुपए 1074 करोड़ का प्रावधान, 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार स्थानीय निकायों को अनुदान हेतु रुपए 1034 करोड़ का प्रावधान, सहकारी बैंकों को अंशपूंजी हेतु रुपए 1000 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## उप्र विस चुनाव-मतगणना आज तय होगा किसकी होगी ताजपोशी



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा के सात चरणों का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने के बाद अब मतगणना की बारी है। मतों की गिनती कल गुरुवार सुबह आठ बजे से प्रारम्भ होगी। माना जा रहा है कि उसके एक घण्टे बाद नौ बजे से रुझान मिलने शुरु हो जायेंगी। वहीं शाम तक यह भी तय हो जायेगा कि उप्र में किसकी ताजपोशी होगी। मतगणना के दौरान और उसके बाद कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। वहीं निर्वाचन आयोग ने विजय जुलूस निकालने पर पाबंदी लगा दी है।

उत्तर प्रदेश में वर्तमान में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। योगी सरकार का कार्यकाल 15 मार्च को समाप्त हो रहा है। राज्य में 403 सीटों पर मतदान हुए हैं। अब तक के रुझानों से मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच ही दिख रहा है। भाजपा ने योगी आदित्यनाथ को अपना मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया है। वहीं सपा की तरफ से अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री के रूप में पेश किया गया है। निर्वाचन आयोग ने यूपी में सात चरणों में मतदान कराया। इस दौरान औसत मतदान 60.63 प्रतिशत हुआ। इसमें करीब एक प्रतिशत की बढ़ोत्तरी पोस्टल बैलट व सर्विस वोटरों के मत जुड़ने से होने की उम्मीद है। वर्ष 2017 के विधान सभा चुनाव में 61.24 प्रतिशत वोट पड़े थे। मतदान के लिहाज से शुरुआत के चार चरण बहुत अच्छे रहे। तो वहीं आखिरी के तीन चरणों में कम मतदान हुआ। उप्र विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 62.43 प्रतिशत, दूसरे में 64.66, तीसरे में 62.28, चैथे में 62.76, पांचवे में 58.35, छठे में 56.43 तथा सातवें और अंतिम चरण में 57.53 फीसदी मतदान हुआ है। सात चरणों में मतदान की प्रक्रिया सकुशल संपन्न कराने के बाद अब निर्वाचन आयोग चुनाव आयोग ने प्रदेश में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। भारी संख्या में सुरक्षाबलों को लगाया गया है ताकि किसी तरह की दिक्कत न हो।

## पांच राज्यों के परिणाम से पहले वायनाड जाएंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम से एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने लोकसभा क्षेत्र वायनाड पहुंच रहे हैं। कांग्रेस की तरफ से साझा किए गए शेड्यूल के मुताबिक वह वायनाड के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी सुबह 9 बजे विधायक टी सिद्दीकी के ऑफिस जाएंगे और उसके बाद कलेक्ट्रेट में एक एमओयू पर साइन करेंगे। इसके बाद मक्कम में राहुल गांधी एलपी स्कूल की एक नवनिर्मित इमारत का उद्घाटन करेंगे। राहुल गांधी कोझिकोड में एक इंडोर स्टेडियम का भी उद्घाटन करेंगे। वह मलापुरम में जामिया नदविया में एक पुरुष हॉस्टल का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही उनका यह वायनाड दौरा



खत्म हो जाएगा। बता दें कि राहुल गांधी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम से एक दिन पहले यह दौरा कर रहे हैं।10 मार्च को उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर और पंजाब में विधानसभा के परिणाम आ रहे हैं। जानकारों का कहना हैकि कांग्रेस की स्थिति इन तीन राज्यों में अच्छी नहीं है। पंजाब में कांग्रेस की सरकार थी लेकिन इस बार वहां भी हालत खराब हो सकती है। उत्तर प्रदेश में इस बार प्रियंका गांधी वाड्रा ने जमकर प्रचार किया। हालांकि सरकार बनाने के रेस में कांग्रेस नहीं दिखायी दी। कांग्रेस ने यूपी के लिए अपने मुख्यमंत्री पद के चेहरे का भी ऐलान नहीं किया था। हालांकि प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधने और घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हालांकि उत्तराखंड की बात करें तो ज्यादातर एग्जिट पोल में कहा गया है कि कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर है। इसी तरह गोवा में भी कांग्रेस और गोवा की ही टक्कर बताई जा रही है। मणिपुर में भाजपा के सिंगल लार्जेस्ट पार्टी बनने की उम्मीद है। यहां 60 विधानसभा सीट हैं। कांग्रेस यहां मणिपुर प्रोग्रेसिव सेक्युलर अलायंस में शामिल है।

## मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं करायेंगे? दिल्ली में निकाय चुनाव टलने पर बोले केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में निकाय चुनाव के तारीखों के ऐलान से ऐन पहले टल जाने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा हमला बोला है। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग दबाव में क्यों झुक रहा है? मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं करायेंगे? माना जा रहा है कि केंद्र सरकार तीनों नगर निकायों को एक करने पर विचार कर रही है।

राजधानी दिल्ली में होने वाले नगर निगम चुनाव की तारीख का ऐलान आज नहीं हो पाया जबकि, बीती रोज चुनाव आयोग की बैठक में निर्णय लिया गया था कि आज तारीखों का ऐलान होगा। अब तारीखों के टलने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा बयान



दिया है। केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए केजरीवाल ने ट्वीट किया, ÷क्या केंद्र सरकार किसी चुनाव को टालने या रद्द करने के लिए किसी चुनाव आयोग को ÷निर्देश÷ दे सकती है? किस प्रावधान के तहत? क्या ये ÷दिशानिर्देश÷ चुनाव आयोग पर बाध्यकारी हैं? चुनाव आयोग दबाव में क्यों झुक रहा है? मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं करायेंगे? बताते चलें कि इससे पहले बुधवार को चुनाव आयुक्त एसके श्रीवास्तव ने बताया कि शाम 4~30 बजे केंद्र सरकार से कुछ निर्देश आए हैं, जिसकी वजह से आज तारीखों का ऐलान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमें किसी ने एमसीडी चुनाव टालने के लिए नहीं कहा है, लेकिन जो लेटेस्ट डिवेलपमेंट हुआ है, उसके अनुसार विचार करके नई तारीखें कम करने में 5 से 7 दिन का वक्त लगेगा। आपको बता दें कि मंगलवार को आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई थी जिसमें आज चुनाव की तारीख का ऐलान करने को लेकर फैसला हुआ था।

## खास खबर

### मथुरा में कृषि उत्पादन मंडी समिति में होगी मतगणना, तैयारियां पूरी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मथुरा जनपद में मतगणना गुरुवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति में होगी। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया कि यूपी की 18वीं विधानसभा के गठन के लिए कराए गए मतदान के बाद अब 10 मार्च (बृहस्पतिवार) को जनपद की पांचों विधानसभा सीटों पर पड़े मतों की गणना होगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी मतगणना आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में होगी। चहल ने बताया कि गुरुवार को मंडी समिति के चबूतरा नंबर 2 से लेकर 6 तक पर बनाए गए पंडाल में सुबह आठ बजे से मतपेटियों को खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी, उनके मतगणना एजेंट आदि को प्रवेश दिया जाएगा। जबकि सभी कार्मिक एवं सुरक्षाकर्मी अपनी ड्यूटी के अनुसार उपस्थित रहने वाले हैं। उन्होंने बताया, मंडी समिति में ही बनाए गए स्ट्रांग रूमों में से एक-एक कर मतपेटियां निकाली जाएंगी और संबंधित प्रेक्षकों की निगरानी में ही आंकड़े जानने का कार्य किया जाएगा। प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी श्वेता ने बताया कि मतगणना में पहले डाक मतपत्रों की गणना होगी। इसके बाद ईवीएम के मतों की गणना शुरू होगी।

### एग्जिट पोल पर भरोसा नहीं, इसे बैन कर देना चाहिए : बादल

**चंडीगढ़।** एग्जिट पोल में पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनती दिखाई दे रही है, जबकि कांग्रेस दूसरे नंबर पर है। एग्जिट पोल के अनुसार बसपा के साथ गठबंधन करने के बावजूद अकाली दल तीसरे स्थान पर खिसक गई है। एग्जिट पोल को लेकर पूछे गए सवाल पर शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि एग्जिट पोल पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि इसे बैन कर देना चाहिए। अपने बयान में सुखबीर बादल ने कहा कि एग्ज़िट पोल को लेकर आप किसी पंजाबी से पूछेंगे तो वे कहेंगे उन्हें एग्ज़िट पोल पर भरोसा नहीं। सुखबीर बादल ने कहा बंगाल में जब चुनाव हुए थे तब एग्ज़िट पोल ने ममता बनर्जी को 100 सीटें भी नहीं दी थी लेकिन टीएमसी ने 200 सीटें जीती, एग्ज़िट पोल को बैन कर देना चाहिए। उन्होंने कहा ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल पर रोक लगनी चाहिए।

### हरीश रावत-प्रीतम सिंह के हाथ से मतगणना से पहले छीनी बाजी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस हाईकमान ने विजयी प्रत्याशियों को केंद्रीय आब्जर्वर की निगरानी में रखने के फैसले से एक तीर से दो निशाने साधने की कोशिश की है। इससे एक तरफ जहां पूरी चुनावी प्रक्रिया सीधे हाईकमान के हाथ होगी वहीं, स्थानीय क्षत्रपों को अपने समर्थक विधायकों के साथ अलग से खिचड़ी पकाने का भी मौका नहीं मिल पाएगा। वर्ष 2002 और वर्ष 2012 में पार्टी नेताओं के बीच बने सत्ता संघर्ष की स्थिति आज भी सभी के जेहन में ताजा है। इस चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने पर सत्ता संघर्ष की आशंका लग रही है। इस बार जहां पूर्व सीएम हरीश रावत कैंप रावत को मुख्यमंत्री पद का स्वभाविक दावेदार मानता है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह के समर्थक सरकार बनने पर प्रीतम को ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर देखना चाहते हैं। केंद्रीय आब्जर्वर के साथ होने की वजह से विधायकों पर कोई भी कैंप दबाव बनाने की स्थिति में नहीं रहेगा कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। कोई लाख दावे करता रहे पर उत्तराखंड की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में अपनी मुहर लगाई है। भाजपा दूर-दूर तक सत्ता में वापसी नहीं करने जा रही है।

### केदारनाथ-बदरीनाथ सहित चारधाम यात्रा करना हुआ महंगा

**हरिद्वार।** गढ़वाल मंडल विकास निगम ने अपना चारधाम यात्रा टूर पैकेज महंगा कर दिया है। नया टूर पैकेज एक हजार से तीन हजार रुपये प्रति सीट तक महंगा हो गया है। जीएमवीएन ने अपने पर्यटक आवास गृहों के कमरों के रेट जरूर कुछ कम किए हैं। कुछ स्थानों पर रेट मामूली तौर पर बढ़ाए गए हैं। दो साल से कोविड संकट के कारण रेट नहीं बढ़ाए गए थे। यहां नए रेट एक अप्रैल से लागू होंगे। जीएमवीएन मुख्यालय की ओर से नए रेट वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। एक अप्रैल के बाद की कोई भी नई बुकिंग अब नए रेट के आधार पर ही हो रही है। टूर पैकेज में वाहन, रहने और गाइड का खर्च जोड़ा गया है। खाने का पैसा भी अलग से देना होगा। हरिद्वार से यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ, हरिद्वार तक नॉन एसी 27 सीटर बस का दस दिन, दस रात का सफर भी 2955 रुपये प्रति सीट महंगा हो गया है। पहले यह रेट प्रति पर्यटक 25,345 रुपये था। इस बार 28,300 रुपये कर दिया गया। हरिद्वार शहर से केदारनाथ, बदरीनाथ और हरिद्वार का टूर पैकेज 18200 रुपये प्रति सीट से बढ़ाकर 19100 रुपये कर दिया गया।

# श्रीलंका के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट को जीतकर 2-0 से सीरीज अपने नाम करना चाहेगी टीम इंडिया



**बेंगलुरु।** भारतीय टीम 12 मार्च से बेंगलुरु में गुलाबी गेंद से होने वाले सीरीज के दूसरे टेस्ट में जीत के साथ ही सीरीज में 2-0 से जीत दर्ज करने के इरादे से इरादे से उतरेगी। दिन-रात्रि के इस मैच में भी भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। उससे मोहाली में हुए पहले मैच में एक पारी और 122 रनों से शानदार जीत दर्ज की थी।

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया अब सभी सभी सीरीज जीती है। इससे पहले भारत में अब तक जो दो दिन-रात्रि टेस्ट हुए हैं उनमें भी भारतीय टीम ने ही जीत दर्ज की हैं। टीम इंडिया के लिए सकारात्मक बात यह है कि उसके बल्लेबाजी और गेंदबाज जबरदस्त फार्म में हैं। रविन्द्र जडेजा ने पहले टेस्ट में गेंद ओर बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं आर अश्विन भी पीछे नहीं रहे।

वहीं दूसरी ओर श्रीलंकाई टीम को इसके बाद भी कम आंकना भूल होगी। भले ही वह मोहाली टेस्ट तीन दिन के भीतर हार गई हो पर दिन-रात्रि टेस्ट में उसका रिकार्ड अच्छा रहा है और उस रिकार्ड के बल पर श्रीलंकाई टीम भारत को टक्कर दे सकती है। श्रीलंका में अब तक कोई दिन-रात्रि टेस्ट नहीं खेला गया है पर श्रीलंकाई टीम ने दो बार विरोधी टीमों को उनकी ही धरती पर दिन-रात्रि टेस्ट मैचों में हराया है। हालांकि, श्रीलंकाई टीम ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में खेले गए एक दिन-रात्रि टेस्ट में हारी थी। श्रीलंका अकेली ऐसी टीम है जिसने विरोधी टीम को उसके घर में दिन-रात्रि टेस्ट में हराया है और इससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है।

बेंगलुरु का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम दिन-रात्रि टेस्ट का आयोजन करने वाला देश का तीसरा स्टेडियम बनेगा। केवल आस्ट्रेलिया में ही भारत से ज्यादा स्टेडियम में दिन-रात्रि टेस्ट हुए हैं। आस्ट्रेलिया के चार स्टेडियमों में दिन-रात्रि मैच आयोजित हुए हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के अलावा किसी भी देश ने एक से ज्यादा स्टेडियम में दिन-रात्रि टेस्ट का आयोजन नहीं किया है। इस प्रकार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम दिन-रात्रि टेस्ट आयोजित करने वाला दुनिया का 12वां स्टेडियम बनेगा। इस मैच में प्रशंसकों को पूर्व कप्तान विराट कोहली के 71 वें शतक का इंतजार रहेगा। विराट पिछले दो साल से एक भी शतक नहीं लगा पाये हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....



### महिला विश्व कप: हीली की शानदार पारी से ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को हराया

**माउंट मोनगानुई।** एलिसा हीली के शानदार अर्धशतक से ऑस्ट्रेलियाई टीम ने आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पाकिस्तान की ओर से कप्तान बिस्माह मारूफ ने नाबाद 78 और आलिया रियाज ने 53 रन बनाये। इसके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज रन नहीं बना पायी। दोनों ने 99 रन बनाये जिससे पाकिस्तान ने छह विकेट पर 190 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलेना किंग ने दो जबकि मेगान शट, एलिसे पेरी, निकोला कारी और अमांडा वेलिंगटन ने एक एक विकेट लिया। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए 191 रनों का लक्ष्य मिला जिसे उसने 35 ओवरों में ही हासिल कर लिया। हीली ने सबसे ज्यादा 72 रन बनाये। हीली और रशेल हैंस 34 के बीच 60 रन की साझेदारी हुई। हैंस को नशरा संधू ने पेवेलियन भेजा। इसके बाद हीली और लानिंग 35 ने अच्छी साझेदारी कर टीम को लक्ष्य की ओर बढ़ाना जारी रखा। स्पिनर ओमैमा सोहेल ने लानिंग और उसके बाद हीली को आउट कर अपनी टीम की उम्मीदें जगायीं पर एलिसे पेरी ने नाबाद 26 और बेथ मूनी ने नाबाद 23 रन बनाकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच में जीत के साथ ही अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है , उसने पहले मैच में इंग्लैंड को हराया था।

### बीसीसीआई ने पिच से छेड़छाड़ मामले की जांच से इंकार किया

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पिछले साल चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले पिच से छेड़छाड़ के आरोपों को गलत बताया है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ पिच के प्रभारी क्यूरेटर ने भारतीय टीम के मुख्य कोच और प्रबंधन की बातें नहीं मानी थीं। पिच के प्रभारी क्यूरेटर से तत्कालीन टीम प्रबंधन ने पिच को पानी नहीं देने और 'रोलिंग नहीं करने को कहा था पर उसने ऐसा नहीं किया जिसका नुकसान मैच में भारतीय टीम को झेलना पड़ा और उसे मैच में करारी हार मिली थी।

## बांग्लादेश बोर्ड ने शाकिब की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया



**ढ़ाका।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाने से इंकार कर दिया है। इसके बाद से ही बोर्ड शाकिब से बेहद नाराज है। उसने इस खिलाड़ी की राष्ट्रीय टीम के प्रति निष्ठा पर भी सवाल उठाए हैं। बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने सवाल उठाया है कि अगर आईपीएल की कोई टीम उन्हें चुन लेती तो क्या वह इसी तरह से ब्रेक लेते? शाकिब ने आईपीएल के लिए उपलब्ध रहने के लिए ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला खेलने से इनकार कर दिया था पर उन्हें आईपीएल की मेगा नीलामी में किसी भी टीम ने नहीं खरीदा। बीसीबी का मानना है कि ऐसे में इस खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलना चाहिये था पर उन्होंने थकान के नाम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक का हवाला देकर दौरे से बाहर रहने की इच्छा जताई है। उन्हें इस महीने के अंत में शुरू हो रहे दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये उन्हें बांग्लादेश की वनडे और टेस्ट टीम में चुना गया था। हसन ने कहा, 'अगर उसकी मानसिक और शारीरिक स्थिति खराब होती तो वह आईपीएल नीलामी के लिए अपना नाम नहीं देते।



बीजिंग में स्लोवाकिया की हेनरीटा और उनके गाइड माइकल सरवन पैरा अल्पाइन स्कीइंग के दौरान उत्साहित नजर आयीं।

## एमएमए में देश को पहचान दिलाना चाहती है ऋतु



**नई दिल्ली।** महिला पहलवान ऋतु फोगाट ने कुश्ती छोड़कर मिक्स मार्शल आर्ट्स (एमएमए) में आकर सबको हैरान कर दिया था। हालांकि अब समय के साथ ही उनका ये फैसला सही नजर आता है। ऋतु एमएमए के फाइनल तक पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान हैं। मिक्स मार्शल आर्ट्स में उनका अब तक का सफर शानदार रहा है। एमएमए में भी उन्होंने 9 बाउट में से सात जीते हैं। ऋतु का कहना है कि वह इस खेल में देश को नई पहचान दिलाना चाहती हैं। ऋत) ने अपने करियर की शुरुआत कुश्ती से की थी। उन्होंने साल 2017 तक कई पहलवानों को परास्त किया। साल 2019 में ऋतु ने कुश्ती छोड़कर एमएमए की ओर रुख किया। विश्व में ऐसी कुछ ही महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने एक खेल छोड़ने के बाद दूसरे गेम में किस्मत आजमाई है। ऋतु भी ऐसी ही हैं जिन्होंने पहले कुश्ती में शुरुआत करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाई। ऋतु ने फरवरी 2019 में एमएमए में प्रवेश किया। इसी साल उन्होंने वन चैंपियनशिप में अपना पहला मुकाबला खेला। वह इस प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंची। साल 2016 में ऋतु ने सिंगापुर में आयोजित कॉमवेल्थ रेसलिंग चैंपियनशिप में 48 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उनकी सफलता का सफर यहीं नहीं रुका और साल 2017 में नई दिल्ली में एशियन चैंपियनशिप में उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया। इसी साल पोलैंड में आयोजित विश्व अंडर 23 चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। वहीं, दो साल बाद फरवरी 2019 में उन्होंने कुश्ती को छोड़ दिया।

## व्यापार न्यूज

### सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में मंगलार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोना वायदा मंगलवार सुबह हल्की गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा। एमसीएक्स पर अप्रैल 2022 की डिलीवरी वाला सोना मंगलवार सुबह 108 रुपये की गिरावट के साथ ही 53,409 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखाई दिया। सोने के साथ ही चांदी की वायदा कीमतों में भी मंगलवार सुबह हल्की गिरावट देखने में आई। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में 5 मई 2022 की डिलीवरी वाली चांदी की कीमत 63 रुपये की हल्की गिरावट के साथ ही 69,906 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार करती दिखाई दी।

### 80 के ऊपर निकल सकता है रुपया

**नई दिल्ली।** अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपया 80 के ऊपर निकल सकता है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल सहित दुनिया भर में कई ऐसे कारण हैं जिससे रुपये लगातार गिरा रहा है। ऐसे में यह भी हो सकता है कि यह जल्द ही अमेरिकी डॉलर की तुलना में 80 का स्तर भी तोड़ दे। एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार मुद्रा बाजार में अगले कुछ सप्ताह में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। यूक्रेन पर हुए हमले के बाद पिछले एक महीने से जिस तरह के हालात बने हैं। ऐसे में रुपये पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इन हालातों में रिजर्व बैंक हस्तक्षेज कर सकता है पर फंडामेंटल्स कमजोर होने से ट्रेडर्स डॉलर की तुलना में रुपये पर लंबा दांव नहीं लगाएंगे। एफपीआई जोखिम भरे इमर्जिंग मार्केट्स में लगातार बिकवाली कर रहे हैं। ऐसे में जानकारों का मानना है कि इस कैलेंडर वर्ष में रुपया 77.93 से 80-82 के स्तर तक गिर सकता है।

## नई स्कॉर्पियो लॉन्च करने जा रही है महिंद्रा




### सबसे खतरनाक रास्ते पर की जा रही टेस्टिंग

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में महिंद्रा एंड महिंद्रा बिल्कुल नई स्कॉर्पियो लॉन्च करने जा रही है। इस बार इसे बेहद खास रास्तों पर टेस्ट किया जा रहा है ताकि इसकी मजबूती और पावरफुल परफॉर्मेंस का अंदाजा लगा सकेंगे। महिंद्रा स्कॉर्पियो एसयूवी को भारत के सबसे दुर्गम रास्ते स्पीति वैली में टेस्टिंग के दौरान स्पॉट किया गया है। महिंद्रा इसे बिल्कुल नए अवतार में पेश करने वाली है जो ना सिर्फ दिखने में धांसू होगी, बल्कि इसकी परफॉर्मेंस भी पहले से कहीं ज्यादा बेहतर होगी। स्कॉर्पियो 2022 की इस लेटेस्ट स्पाई इमेज में मिडिल रो में कैप्टन सीट्स इंडिविजुअल आर्म रेस्ट के साथ और फ्रंट फेसिंग थर्ड रो सीट्स दिखाई दीं। यह कार 6/7 सीटर ऑप्शन के साथ आने वाली है।नई स्कॉर्पियो में 8 इंच का नया इंफोटेंमेंट सिस्टम मिलेगा जो एपल कार प्ले और एंड्रॉयड ऑटो कनेक्टिविटी और एलेक्सा सपॉर्ट के साथ आती है। इस एसयूवी में डिजाइन को लेकर भी कई बदलाव देखने को मिलेंगे।

नए मॉडल में 2.0 एलएम स्टालिन टेरबो पेट्रोल और 2.2 टर्बो पेट्रोल डीजल इंजन दिया जाएगा जो 130बीएचपी पावर लोवर वेरियंट्स के लिए और 160बीएचपी पावर हाइअर वेरियंट्स के लिए जेनेरेट कर सकता है।इसके अलावा कार में 360 डिग्री कैमरा, ड्यूल जोन क्लाइमेट कंट्रोल, कनेक्टेड कार टेक जैसे कई आधुनिक फीचर्स मौजूद होंगे। नई स्कॉर्पियो जीईएन 3 प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी जो इसे पहले से ज्यादा लाइट और सेफ बनाती है।

## एक्सिस बैंक ने महिलाओं के लिए शुरू की 'हाउस वर्क इज वर्क' पहल




**मुंबई।** शहरी क्षेत्रों में शिक्षित महिलाओं की कार्यबल में कम भागीदारी को देखकर एक्सिस बैंक ने 'हाउस वर्क इज वर्क' नाम से पहल शूरू की है, इसका मकसद उन महिलाओं को अवसर देना है, जो पेशेवर क्षेत्र में फिर से शामिल होना चाहती हैं। एक्सिस बैंक के अध्यक्ष और मानव संसाधन प्रमुख ने बैंक की भर्ती पहल-हाउस वर्क इज वर्क के बारे में बताया कि पहल का मकसद इन महिलाओं को यह भरोसा दिलाया है, कि वे रोजगार योग्य हैं, उनके पास कौशल है, और वे बैंक में विभिन्न भूमिकाएं निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक्सिस बैंक जैसे बड़े संगठन के लिए सही और कुशल लोगों को काम पर रखना एक चुनौती है और 'हाउस वर्क इज वर्क' तय परिपाटी से अलग हटकर विकल्प तलाशने का बैंक का तरीका है। उन्होंने पहल के तहत आए एक दिलचस्प रिज्यूमे का जिक्र किया। अपने रिज्यूमे में घर में अपनी विभिन्न भूमिकाओं का जिक्र पेशेवर अंदाज में किया और खुद को शर्मा रेजिडेंस के एक कर्मचारी के रूप में पेश किया। बैंक के अधिकारी ने कहा कि बैंक विभिन्न प्रकार के लोगों को काम पर रखने के लिए तैयार है।

## ग्राहकों को केयूवी100 इलेक्ट्रिक का इंतजार



### सिट्रोएन और महिंद्रा सस्ती कारें लॉन्च करने की तैयारी में

**नई दिल्ली।** सिट्रोएन और महिंद्रा जैसी कंपनी अपनी सस्ती कारें लॉन्च करने की तैयारी में है। आने वाले कुछ महीनों में न्यू मारुति ऑल्टो, नेक्स्ट जेनरेशन मारुति स्विफ्ट, महिंद्रा केयूवी100 इलेक्ट्रिक और सिट्रोएन सी3 जैसी हैचबैक और माइक्रो एसयूवी लॉन्च होने वाली हैं। भारत में सबसे ज्यादा कारें बेचने वाली कंपनी मारुति सुजुकी जल्द ही अपनी बेस्ट सेलिंग हैचबैक में से एक मारुति सुजुकी ऑल्टो का नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल लॉन्च करने वाली है, जो कि बेहतर लुक और फीचर्स के साथ ही पावरफुल इंजन से लैस होगी। नई ऑल्टो बॉक्सी डिजाइन और बड़ी साइज वाली होगी। इसी के साथ मारुति अपनी खास हैचबैक स्विफ्ट का नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल लॉन्च कर सकती है, जो कि ज्यादा अग्रेसिव लुक और पावरफुल फीचर्स से लैस होगी। इस साल देसी कंपनी महिंद्रा सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक एसयूवी महिंद्रा केयूवी100 इलेक्ट्रिक लॉन्च कर सकती है। यह कम दाम में ज्यादा फीचर्स और अच्छी बैटरी रेंज वाली इलेक्ट्रिक एसयूवी हो सकती है। इसके साथ ही फ्रेंच कार मेकर सिट्रोएन भी टाटा पंच और मारुति इग्निस जैसी माइक्रो एसयूवी को टक्कर देने के लिए नई कार सिट्रोएन सी3 लॉन्च कर सकती है।




## पुतिन ने रूसी फर्मों को रूबल में दी विदेशी भुगतान की अनुमति



**नई दिल्ली।** रूसी कंपनियां अब विदेशी लेनदारों को रूबल में भुगतान कर सकेंगी। इस बारे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने हस्ताक्षर कर एक दस्तावेज जारी किया है। इन तरीकों से पूंजी डिफाल्टरों को रोकने में मदद मिलेगी। इस दस्तावेज के साथ लेनदारों को भुगतान करने के लिए संप्रभु और कॉर्पोरेट कर्जदारों के लिए अस्थाई नियम स्थापित हो जाएंगे। सरकार अगले 2 दिनों में एक सूची तैयार करेगी जिसमें उन देशों के नाम शामिल होंगे जो रूस के खिलाफ हैं। हाल के ही दिनों में विदेशी मुद्राओं में दिखाए गए रूसी कॉर्पोरेट बांड निचले स्तर पर आ गए हैं। यूक्रेन पर हमले के मद्देनजर देश पर लगाई गई पाबंदियों का प्रभाव निवेशकों पर पड़ा है। रूसी सरकार ने विदेशी मुद्राओं तक नाटकीय पहुंच को घटा कर पाबंदियों का जवाब दिया है, जो बांड होल्डर्स की ब्याज और मूल भुगतान प्राप्त करने की योग्यता को सीमित कर सकता है। दूसरी तरफ क्लियरिंग हाऊस कलियरस्ट्रीम और यूरोकलियर ने सेटलमेंट मुद्रा के तौर पर रूबल को स्वीकार करना बंद कर दिया है। रूस ने बांड होल्डर्ज को भुगतान करने के लिए इस्तेमाल किए जाते रिवायती चैनल को छोड़ कर सभी ट्राई-पार्टी ट्रांजेक्शनों से रूसी संस्थाओं की तरफ से जारी की सभी सिक्योरिटीज को छोड़ दिया है। रविवार को एक अलग घोषणा में सेंट्रल बैंक ऑफ रूस ने कहा यह प्रतिबंधों के दबाव से बचाने के प्रयास में रूसी उधारदाताओं के लिए रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को अस्थाई रूप से आसान बनाएगा। नियामक ने कहा कि वाणिज्यिक बैंकों को अब अपने मासिक खातों को अपनी बेबसाइटों पर प्रकाशित नहीं करना होगा, हालांकि उन्हें अभी भी उन्हें केंद्रीय बैंक में जमा करना होगा और फिर उन्हें प्रतिपक्षों के सामने पेश कर सकते हैं। विदेशी-धारित ऋण के भुगतान पर शनिवार के आदेश के अनुसार भुगतानों को केंद्रीय बैंक की आधिकारिक दर पर रूबल में किए जाने पर निष्पादित माना जाएगा।

# टोनी कक्कड़ को डेटिंग की खबरों पर निक्की तंबोली ने तोड़ी चुप्पी



छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री निक्की तंबोली को आपने बीते दिनों मशहूर विवादित रियलिटी शो बिग बॉस 14 में देख चुके हैं। बिग बॉस 14 में निक्की तंबोली ने काफी ज्यादा सुर्खियां बटोरी थी और अच्छी खासी फैन फॉलोइंग भी बनाई है। छोटे परदे की अभिनेत्री निक्की तंबोली ने सलमान खान के शो में अपना सौ प्रतिशत देने की पूरी कोशिश की थी लेकिन वो कुछ ही समय तक इस शो में रह पाई थी। बिग बॉस 14 में नजर आने के बाद से लगातार निक्की तंबोली सुर्खियों में बनी हुई है और वो आने वाले दिनों में बड़े पर्दे पर भी धमाल मचाने की तैयारी कर रही है। हालांकि इन दिनों इसी बीच निक्की तंबोली की पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा हो रही हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पिछले दिनों खबरों में ऐसा कहा जा रहा था कि, अभिनेत्री निक्की तंबोली मशहूर बॉलीवुड सिंगर नेहा कक्कर के भाई सिंगर टोनी कक्कड़ को डेट कर रही हैं। सोशल मीडिया पर टोनी कक्कड़ और निक्की तंबोली को लेकर कई तरह के सामने आ रही थी। हालांकि अब इस पर निक्की तंबोली की प्रतिक्रिया भी सामने आ चुकी है। सोशल मीडिया पर एक सवाल का जवाब देते हुए निक्की तंबोली ने कहा कि, मेरा बॉयफ्रेंड है तो बॉयफ्रेंड का मतलब बताइए। सोशल मीडिया पर निक्की तंबोली का ये वीडियो वयरल हो रहा है। निक्की तंबोली के इस जवाब पर लोगों की अलग अलग पतिक्रिया सामने आ रही है। बता दें कि कुछ समय पहले कहा जा रहा था कि निक्की तंबोली और टोनी कक्कड़ एक दूसरे के डेट कर रहे है।

## मेरी सबसे बड़ी आलोचक मेरी मां हैं : सोनाक्षी सिन्हा




अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का कहना है कि उनकी मां पूनम सिन्हा उनकी फिल्मों को लेकर बहुत ही ईमानदारी से प्रतिक्रिया देती हैं। उन्होंने कहा, मेरी सबसे बड़ी आलोचक मेरी मां है और वह हमेशा जबरदस्त रही हैं। उनके इनपुट्स मुझे हमेशा बेहतर बनाने में मदद करते हैं और वे मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। वह जब मेरी तारीफ या आलोचना करती हैं, तो बहुत ईमानदारी से करती हैं। अपने अभिनय को लेकर सोनाक्षी ने कहा, ज्यादातर समय मैं अपने काम से खुश रहती हूं, लेकिन कभी-कभी मुझे लगता है कि मैं कुछ बेहतर या अलग तरीके से कर सकती थी। मुझे लगता है कि यह मानवीय सोच है। सबसे ज्यादा अहम यह है कि मैं अपने अतीत में किए गए काम से कुछ बेहतर करूं। फिल्मों के चुनाव को लेकर सोनाक्षी कहती हैं, मैं अपनी सहज बुद्धि पर भरोसा करती हूं। कई बार ऐसा हुआ कि मैं स्क्रिप्ट सुनकर बोर भी हुई। मेरे लिए बस उस कहानी का क्लिक होना जरूरी है। वहीं बॉक्स ऑफिस के आंकड़े मेरे लिए मायने नहीं रखते। बल्कि जब जब मैं सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर का एक हिस्सा था, तब भी मेरे लिए यह मायने नहीं रखता था। मेरी प्राथमिकता मेरे काम का आनंद लेना है। वह काम करना है जो मैं करना चाहती हूं और उससे मेरे परिवार गर्व महसूस करे, बाकी सब बाद की बात है। अभिनेत्री जल्द ही मिनी सीरीज फॉलेन के जरिए डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। इसके अलावा वह युद्ध पर आधारित फिल्म भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया के साथ-साथ एक और फिल्म बुलबुल तरंग में भी नजर आएंगी।

## सुना है हीरो की सैलरी के बराबर होता है पूरी फिल्म का बजट : श्रिया पिलगांवकर

अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर का कहना है कि इंडस्ट्री में लिंग के आधार पर सैलरी में किए जाने वाले भेदभाव को खत्म करने पर काम करना चाहिए। हाथी मेरे साथी में नजर आने वाली श्रिया का कहना है कि उन्होंने अभिनेत्रियों को इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए सुना है कि हीरो को एक फिल्म के लिए इतना पैसा दिया जाता है जितना नायिका-केंद्रित फिल्म का पूरा बजट होता है। उन्होंने बताया, मैंने बड़ी अभिनेत्रियों की बातचीत सुनी है कि उनकी पूरी फिल्म का बजट जितना था, उतना मेल एक्टर्स को वेतन दिया जाता है। श्रिया कहती हैं कि भले ही आपको यह पता न हो कि आपका सह-अभिनेता कितना कमा रहा है, लेकिन आप फिल्म की प्रगति के आधार पर इसका अनुमान लगा सकते हैं।

# प्रोड्यूसर बनी एक्ट्रेस सरगुन मेहता, बताया कैसे बनी उड़ारियां की कहानी




कलर्स चैनल पर शुरू हुआ है नया सीरियल जिसका नाम है उड़ारियां और इस शो को प्रोड्यूस किया है एक्ट्रेस सरगुन मेहता ने। सरगुन न सिर्फ ये शो की प्रोड्यूसर हैं बल्कि उन्होंने अपने पति और एक्टर रवि दुबे संग मिलकर इस सीरियल की कहानी भी लिखी है। अपने प्रोड्यूसर बनने की बात करते हुए सरगुन ने कहा, मैं बहुत एक्साइटेड हूं इस शो को लेकर और उम्मीद है मेरा प्रोड्यूसर वाला रूप भी लोगों को पसंद आएगा। इस शो में मैं प्रोड्यूसर होने के साथ-साथ राइटर भी हूं। सच कहूं तो मैंने और रवि ने मजाक-मजाक में ये कहानी लिखी थी और देखते ही देखते ये कहानी कम्पलीट हुई और बहुत अच्छी बन गई। हमने 2 साल इसपर काम किया है और आज हम यहां तक पहुंचे है। उम्मीद है कि रवि और मेरी ये मेहनत रंग लाएगी। कलर्स चैनल पर शुरू हुआ है नया सीरियल जिसका नाम है उड़ारियां और इस शो को प्रोड्यूस किया है एक्ट्रेस सरगुन मेहता ने। सरगुन न सिर्फ ये शो की प्रोड्यूसर हैं बल्कि उन्होंने अपने पति और एक्टर रवि दुबे संग मिलकर इस सीरियल की कहानी भी लिखी है। अपने प्रोड्यूसर बनने की बात करते हुए सरगुन ने कहा, मैं बहुत एक्साइटेड हूं इस शो को लेकर और उम्मीद है मेरा प्रोड्यूसर वाला रूप भी लोगों को पसंद आएगा। इस शो में मैं प्रोड्यूसर होने के साथ-साथ राइटर भी हूं। सच कहूं तो मैंने और रवि ने मजाक-मजाक में ये कहानी लिखी थी और देखते ही देखते ये कहानी कम्पलीट हुई और बहुत अच्छी बन गई। हमने 2 साल इसपर काम किया है और आज हम यहां तक पहुंचे है। उम्मीद है कि रवि और मेरी ये मेहनत रंग लाएगी। उन्होंने कहा ये पहली बार है जब मैंने राइटिंग में अपना हाथ आजमाया है। मैंने और रवि ने बहुत होमवर्क किया है इसपर। हम दोनों ने टीवी में काम किया है इसलिए एक्सपीरियंस और ऑब्जरवेशन के साथ हमने इस कहानी को पूरा किया है। सरगुन ने कहा प्रोमो में तो हम हैं लेकिन अब तक पता नहीं कि शो में एक्टर के तौर पर हम आएंगे या नहीं। लेकिन अगर कभी ऐसा लगा कि कहानी में हमें आना चाहिए और इसकी जरूरत लगी तो हम जरूर आएंगे। शो उड़ारियां के गाने में बादशाह ने शिरकत की थी और इसपर सरगुन ने बताया बादशाह हमारे बहुत अच्छे दोस्त हैं और मुझसे ज्यादा तो रवि और बादशाह दोस्त हैं, इसलिए उन्होंने हां की थी। बादशाह ने शो की कहानी सुनी और उस हिसाब से प्रोमो के लिए लिरिक्स लिखे।

# पवन कल्याण की फिल्म 'वकील साब' के साथ रिलीज हुआ 'गंगूबाई काठियावाड़ी' का तेलुगू टीजर

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. फिल्म का टीजर हाल ही में हिंदी में रिलीज हुआ था जो दर्शकों को बहुत पसंद आया था. अब इस फिल्म का तेलुगू टीजर भी रिलीज कर दिया गया है. तेलुगू सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म वकील साब की रिलीज के साथ गंगूबाई काठियावाड़ी का तेलुगू टीजर रिलीज किया गया है. जिस बारे में आलिया ने सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर की थी.

आलिया भट्ट ने गंगूबाई काठियावाड़ी का तेलुगू टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया है. उन्होंने टीजर शेयर करते हुए लिखा- एक नाम,



लाखों इमोशन्स. एक ऐसी महिला की कहानी लेकर आए हैं जिसने पावर को आगे बढ़ाया. गंगूबाई काठियावाड़ी. फिल्म 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. पवन कल्याण की फिल्म वकील साब के बारे में बात करें तो बॉलीवुड फिल्म पिंक की रीमेक है. जिसमें तीन लड़कियां एक केस में फंस जाती हैं जिनका केस वकील साब यानी कि पवन कल्याण लड़ते हैं . अब वकील साब कौन हैं और कैसे वह इस केस को लड़ते हैं. इसके बारे में पता करने के लिए तो आपको फिल्म देखनी पड़ेगी. आलिया भट्ट हाल ही में कोरोना पॉजिटिव हो गई थीं. जिसकी वजह से फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है. आलिया का बस एक दिन का शूट बाकी था. आलिया की वजह से फिल्म की शूटिंग रुकी हुई है. अब जैसे ही वह कोरोना नेगेटिव होंगी उसके बाद ही दोबारा फिल्म की शूटिंग पूरी हो पाएगी।

## शिकारियों और दुष्कर्मियों को फांसी दी जानी चाहिए : रवीना टंडन



अभिनेत्री रवीना टंडन ने बुधवार को भारत की कानून प्रणाली के बारे में सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी पोस्ट की, जिसमें उन्होंने कहा है कि हमारे देश में कानून बहुत कमजोर हैं और ज्यादातर मामलों में अभियुक्त को दोषी नहीं ठहराया जाता। शिकारियों और दुष्कर्मियों को फांसी दी जानी चाहिए। उन्होंने अवैध शिकार के साथ ही दुष्कर्म जैसे अपराधों के बारे में भी चिंता व्यक्त की और इस तरह के दुराचारियों के लिए मृत्युदंड की मांग की। रवीना ने एक ट्वीट में कहा, इस महामारी के समय में अवैध शिकार एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। हमारे कानून और सजाएं भी कमजोर हैं। हमारी कानूनी व्यवस्था ऐसी है कि ज्यादातर मामलों में अभियुक्त को दोषी नहीं ठहराया जाता है। इसके साथ ही रवीना ने यह भी कहा कि शिकारियों और दुष्कर्म करने वालों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगल की आग के बारे में पोस्ट करने के कुछ मिनट बाद अभिनेत्री का यह ट्वीट सामने आया। रवीना ने एक अन्य ट्वीट में जंगल में आग लगने वाली घटना पर अपने विचार रखे और ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता भी जाहिर की। उन्होंने जंगल की आग के पीछे एक कारण के बारे में बात करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग विनाश है।

# अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा का धमाकेदार टीजर रिलीज, देखकर क्रेजी हुए फैंस



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता कहे जाने वाले अल्लू अर्जुन जल्द ही कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। अल्लू अर्जुन की रिलीज होने वाली फिल्मों के लिस्ट में फिल्म पुष्पा भी शामिल है। अब अभिनेता अल्लू अर्जुन ने अपने चाहने वालों को जन्मदिन से पहले ही रिटर्न गिफ्ट दे डाला है। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, अल्लू अर्जुन का जन्मदिन 9 अप्रैल को था लेकिन इससे पहले ही अभिनेता अल्लू अर्जुन ने अपने चाहने वालों को एक बड़ा सरप्राइज दिया है। अभिनेता अल्लू अर्जुन फिल्म पुष्पा का टीजर रिलीज कर दिया है । इसी के साथ ये साफ है कि अभिनेता ने अपने चाहने वालों को पहले से ही रिटर्न गिफ्ट दे डाला है। अभिनेता अल्लू अर्जुन ने अपनी फिल्म का टीजर रिलीज करके बता दिया है कि, वो अपने फैंस को एक बार फिर से जबरदस्त फिल्म देने के लिए तैयार है। अगर बात करें उनकी फिल्म पुष्पा की तो इसमे उनका अंदाज काफी ज्यादा शानदार है। इसमें अभिनेता के कई हैरतअंगेज स्टंट और एक्शन सीन देखकर उनके चाहने वाले भी हैरान है। इस फिल्म में अभिनेता अल्लू अर्जुन का देसी अवतार दिखाई दिया है। जिसको देखकर उनके चाहने वाले काफी उत्साहित हैं। पुष्पा का टीजर देखने के बाद साफ है कि अल्लू अर्जुन के चाहने वाले फिल्म को देखने के लिए खुद को रोक नहीं पाएंगे। फिल्म पुष्पा में अल्लू अर्जुन के अलावा रश्मिका मंदाना और फाहद फाजिल जैसे कलाकार मुख्य किरदार में नजर आएंगे।

# आप जानते हैं कि स्ट्रॉबेरी खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है



स्ट्रॉबेरी का सेवन आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। यदि आप गर्मियों में अपने आहार में स्ट्रॉबेरी शामिल करते हैं, तो यह आपके शरीर में कई खनिजों और विटामिन की कमी को पूरा कर सकता है। स्ट्रॉबेरी खाने के कई फायदे हैं। स्ट्रॉबेरी में विटामिन और फाइबर अधिक होता है। इसमें बड़ी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट भी होते हैं जिन्हें पॉलीफेनोल कहा जाता है।

इस फल को ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने के लिए भी अच्छा माना जाता है और इसलिए सीजन में स्ट्रॉबेरी खाना आवश्यक है। यदि आप ताजा स्ट्रॉबेरी प्राप्त कर सकते हैं, तो यह ठीक है। क्योंकि स्ट्रॉबेरी खाने से आप हृदय रोग और मधुमेह से बच सकते हैं। स्ट्रॉबेरी प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद करते हैं। कम प्रतिरक्षा वाले लोगों को पहले अपने आहार में स्ट्रॉबेरी शामिल करना चाहिए। छोटे बच्चों को दिन में एक स्ट्रॉबेरी खिलाने के कई फायदे हैं। स्ट्रॉबेरी आपके चेहरे के लिए बेहद फायदेमंद हैं। इससे आपकी त्वचा अधिक सुंदर और जवान दिखती है इसलिए यह उन लोगों के लिए भी अच्छा है, जिन्हें स्ट्रॉबेरी खाने से कुछ त्वचा संबंधी समस्याएं होती हैं। स्ट्रॉबेरी में विटामिन और फाइबर अधिक होता है। इसमें पॉलीफेनोल नामक एंटी-ऑक्सीडेंट भी होता है। स्ट्रॉबेरी में कम कैलोरी वाले खाद्य पदार्थ होते हैं।

## जल्दी उठना और व्यायाम करना, सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है



कई लोग सुबह उठने और व्यायाम करने से ऊब जाते हैं। कई लोगों को सुबह उठना, उठना और जिम जाना दिनचर्या पसंद नहीं है। लेकिन चूंकि कोई विकल्प नहीं है, कई लोग सुबह उठते हैं और जिम जाते हैं। हालांकि, कुछ शोधों से पता चला है कि सुबह व्यायाम अधिक प्रभावी है। रात में सात से आठ घंटे की नींद शरीर को तरोताजा कर देती। इसलिए अगर आप सबसे ज्यादा व्यायाम करना चाहते हैं, तो सुबह उठना शुरू करें।

### ये टिप्स निश्चित रूप से उन लोगों की मदद करेंगे जो सुबह बिस्तर पर जाने की आदत में हैं

अगर आप जिम जा रहे हैं, तो रात को पूरी तैयारी करें। अपना बैग भरें। इससे सुबह ज्यादा समय नहीं लगेगा और कोई गड़बड़ी नहीं होगी। समय पर उठने के लिए, आपको रात को जल्दी सोने जाना चाहिए। अगर सुबह कोई नहीं उठता है, तो फोन में अलार्म सेट करें। हर पांच से दस मिनट में चार से पांच अलार्म सेट करें। क्यों परेशान होते हो, उठना पड़ता है। सुबह सबसे पहले पानी पीएं। अधिमानतः गर्म पानी पिएं। अगर आप जिम जाना चाहते हैं तो भी इस नियम में कोई बदलाव न करें। जब आप सुबह उठते हैं, तो खाली पेट एक गिलास गर्म पानी पिएं। यदि आप जिम में जोरदार व्यायाम करना चाहते हैं, तो चलते-फिरते ब्लैक कॉफी पिएं।

## रूस की दादागिरी से विश्व मानवता को खतरा!

आज विश्व पटल पर रूस एवं युक्रेन के बीच 7 दिनों से लगातार चल रहा महाविनाशक युद्ध का परिदृश्य छाया हुआ है, जहां रूस के राष्ट्रपति पुतिन की दादागिरी उभर कर समने आ रही है जिसने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के मामले को लेकर यूक्रेन को युद्ध के आगोश में ले लिया है। आज इस युद्ध के परिणाम स्वरूप दोनों देश के हजारों सैनिकों बेवजह मारे जा चुके है। रूस की सेना का यूक्रेन पर चौतरफा हमला चल रहा है। यूक्रेन की राजधानी कीव पर हमले तेज नजर आ रहे है पर यूक्रेन भी इस हमले का वीरता से जबाब दे रहा है। इस तरह के युद्ध भविष्य में एक भयानक विश्व युद्ध की तस्वीर उभारते नजर आ रहे है। वर्तमान परिवेश में यूक्रेन में गृह युद्ध की स्थिति भी उभरती नजर आ रही है जहां का हर नागरिक रूसी सेना का सामना करने को तैयार बैठा है। इस तरह की स्थिति निश्चित रूप से भयावह तस्वीर प्रस्तुत कर रही है। वर्तमान में रूस यूक्रेन युद्ध पर विश्व के सभी देशों की पैनी नजर है। इस युद्ध के परिप्रेक्ष्य में विश्वस्तर पर प्रायः अधिकांश देश रूस को दोषी मानते हुये भी यूक्रेन की सहायता की मांग पर मौन नजर आ रहे है जब कि अमेरिका यूक्रेन के साथ खड़ा रहने की अपनी स्वीकृति दे चुका है। फ्रांस एवं जापान भी यूक्रेन के पक्ष में नजर आ रहे है। रूस यूक्रेन के बीच युद्ध को रोकने को लेकर वार्ता का दौर जारी भी है और यूक्रेन पर रूस के हमले दिन पर दिन तेज भी होते जा रहे है। इस तरह के परिवेश रूस के प्राचीन इतिहास के विपरीत जाकर एक नये स्वरूप दादागिरी को दर्शा रहे है जहां विश्व की मानवता विनाशक युद्ध के कगार पर खड़ी नजर आने लगी है। यदि समय रहते इस युद्ध को विराम नहीं लगता तो आने वाला समय रूस की दादागिरी का बुरी तरह से शिकार हो सकता है। जहां से विश्वयुद्ध के संकेत नजर आने लगे है। वर्तमान में रूस एवं यूक्रेन के बीच चल रहे बातचीत के दौर में भी रूस के यूक्रेन पर हमले तेज ही होते जा रहे है। खेरसॉन के बाद खरकीव में रूस हमले के तेवर तेज हो गये है। युक्रेन की राजधानी कीव पर चारों ओर से रूस के हमले तेज हो गये है। जहां पुलिस मुख्यालय एवं डिफेंस विश्वविद्यालय रूस के हवाई हमले के चलते तहस नहस हो गये है। जब कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अभी जक जारी युद्ध में 6 हजार रूसी सैनिकों के मारे जाने की पुष्टी की है। यह रूस के लिये अच्छी बात नहीं है। इस युद्ध में यूक्रेनी सैनिक भी मारे जा चुके है। दोनों देश भले अपने अपने आकड़े पेश करे पर इस तरह के युद्ध के औचित्य के पीछे छिपी एक की दादागिरी और दूसरे का स्वाभिमान के रक्षार्थ उभरता परिवेश शामिल है। जिसपर मंथन होना बहुत जरूरी है। जो कारण रूस यूक्रेन के बीच युद्ध के बने है, उसमें केवल रूस की दादागिरी ही नजर आ रही है। इस तरह के हालात विश्वस्तर पर और कहीं न पनपे , इस पर चर्चा होनी चाहिए। रूस यूक्रेन युद्ध पर तत्काल विराम लगना ही मानवहितकारी हो सकता है वरना उभरती दादागिरी विश्वयुद्ध का परिवेश उजागर कर सकती है।

# धर्म, संस्कृति एवं पर्यटन के सारथी योगी आदित्यनाथ

**डॉ. सौरभ मालवीय**

उत्तर प्रदेश धर्म, संस्कृति एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। प्रयागराज हिन्दुओं का महत्वपूर्ण तीर्थ स्थान है, क्योंकि यहां गंगा, यमुना और सरस्वती का अद्भुत संगम होता है, जिसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। यहां कुम्भ मेले का आयोजन होता है। कुम्भ मेले के अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में स्नान करते हैं। इनमें से प्रत्येक स्थान पर प्रति बारहवें वर्ष तथा प्रयाग में दो कुम्भ पर्वों के बीच छह वर्ष के अंतराल में अर्धकुम्भ मेला भी लगता है। कुम्भ का शाब्दिक अर्थ घड़ा एवं मेले का अर्थ एक स्थान पर एकत्रित होना है। इसे अमृत उत्सव भी कहा जाता है। सरकार राज्य के धार्मिक स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-2022 के बजट में अयोध्या में पर्यटन सुविधाओं के विकास एवं सौन्दर्यीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। वाराणसी में पर्यटन सुविधाओं के विकास एवं सौन्दर्यीकरण के लिए 110 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों की विकास योजना के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। चित्रकूट में पर्यटन विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त विन्ध्यांचल एवं नैमिषारण्य में स्थल विकास के लिए 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।

चौरी चौरा महोत्सव के लिए 15 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई। श्रीराम जन्म भूमि मंदिर अद्योध्या धाम तक पहुंच मार्ग बनाने के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। लखनऊ में उत्तर प्रदेश जनजातीय संग्रहालय के निर्माण के लिए आठ करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई। शाहजहांपुर में स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय की वीथिकाओं के लिए चार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। राज्य में ख्यातिलब्ध साहित्यकारों एवं कलाकारों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया।

उल्लेखनीय है कि विंध्याचल कॉरिडोर का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह योगी आदित्यनाथ का %ड्रीम प्रोजेक्ट% बताया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने अपने ट्वीट में कहा था- ÷राष्ट्र की आधारभूत संरचना के विकास और उसके नव निर्माण हेतु भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। मिर्जापुर में माँ विंध्यवासिनी कॉरिडोर परियोजना का शिलान्यास व रोप-वे का लोकार्पण हमारी इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर आज नये प्रतिमान गढ़ रहा है।

राज्य सरकार पर्यटन के क्षेत्र में भी विशेष कार्य कर रही है। गोरखपुर के रामगढ़ ताल में वाटर स्पोर्ट्स, पीलीभीत टाइगर रिजर्व तथा चंदौली में देवदारी राजदारी वाटरफॉल का विकास किया गया। स्पिरिचुअल सर्किट के अंतर्गत गोरखपुर, देवीपाटन, डुमरियागंज में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। जेवर, दादरी, नोएडा, खुर्जा एवं बांदा में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। आगरा में शाहजहां पार्क एवं महताब बाग-कछपुरा का कार्य एवं वृन्दावन में बांके बिहारी जी मंदिर क्षेत्र में पर्यटन का विकास किया गया। दुधवा टाइगर रिजर्व तथा पीलीभीत टाइगर रिजर्व स्थलों का विकास किया गया।

सरकार तीर्थ यात्रियों को अनेक सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। इसके अंतर्गत कैलाश मानसरोवर यात्रियों की अनुदान राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति यात्री की गई। इसी प्रकार सिंधु दर्शन अनुदान 20 हजार रुपये किया गया। इतना ही नहीं, सरकार द्वारा अयोध्या में दीपोत्सव, मथुरा में कृष्णोत्सव, बरसाना में रंगोत्सव, वाराणसी में शिवरात्रि एवं देव दीपावली का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या दीपोत्सव ने निरंतर दो वर्षों में गिनीज



बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। बौद्ध सर्किट में श्रावस्ती, कपिलवस्तु और कुशीनगर तथा रामायण सर्किट में चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। इसके अतिरिक्त बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद, नैमि षारण्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद, विन्ध्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद, शुक्र धाम तीर्थ विकास परिषद, चित्रकूट तीर्थ विकास परिषद तथा देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया।

महाभारत सर्किट के अंतर्गत महाभारत से जुड़े स्थलों का विकास किया गया। शक्तिपीठ सर्किट एवं आध्यात्मिक सर्किट से जुड़े स्थलों का विकास किया गया। जैन तथा सूफी सर्किट के अंतर्गत आगरा एवं फतेहपुर सीकरी में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया।

सरकार धार्मिक आयोजनों में भी श्रद्धालुओं को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। कुभ मेला इसका उदाहरण है। खगोल गणनाओं के अनुसार कुम्भ मेला मकर संक्रान्ति के दिन प्रारम्भ होता है। उस समय सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशि में और वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिवस को अति शुभ एवं मंगलकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार खुलते हैं। इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विष्णु अमृत से भरा कुम्भ लेकर जा रहे थे कि असुरों ने आक्रमण कर दिया। अमृत प्राप्ति के लिए देव एवं दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर युद्ध हुआ। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के समान होते हैं। इसलिए कुम्भ भी बारह होते हैं। इनमें से चार कुम्भ पृथ्वी पर होते हैं तथा शेष आठ कुम्भ देवलोक में होते हैं। देव एवं दानवों के इस संघर्ष के दौरान अमृत की चार बूंदें गिर गईं। ये बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, नासिक तथा उज्जैन में गिरीं, जहां पर तीर्थस्थान बना दिए गए। तीर्थ उस स्थान को कहा जाता है जहां मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस प्रकार जहां अमृत की बूंदें गिरीं, उन स्थानों पर तीन-तीन वर्ष के अंतराल पर बारी-बारी से कुम्भ मेले का आयोजन किया जाता है। इन तीर्थों में प्रयाग को तीर्थराज के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यहां तीन पवित्र नदियों का संगम होता है।

भारत में महाकुम्भ धार्मिक स्तर पर अत्यंत पवित्र एवं महत्वपूर्ण आयोजन है। इसमें लाखों लोग सम्मिलित होते हैं। महीने भर चलने वाले इस आयोजन में तीर्थयात्रियों के ठहरने के लिए टेंट लगा कर एक छोटी सी नगरी अलग से बसाई जाती है। यहां सुख-सुविधा की सारी वस्तुएं जुटाई जाती हैं। यह आयोजन प्रशासन, स्थानीय प्राधिकरणों एवं पुलिस की सहायता से आयोजित किया जाता है। इस मेले में दूर-दूर के जंगलों, पहाड़ों और कंदराओं से साधु-संत आते हैं। कुम्भ योग की गणना कर स्नान का शुभ मुहूर्त निकाला जाता है। स्नान से पूर्व मुहूर्त में नागा साधु स्नान करते हैं। इन साधुओं के शरीर पर भभूत लिपटी रहती है, बाल लंबे होते हैं और वे मृगचर्म पहनते हैं। स्नान के लिए विभिन्न नागा साधुओं के अखाड़े भव्य रूप से शोभा यात्रा की भांति संगम तट पर पहुंचते हैं। उत्तर प्रदेश पिछले 5 साल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की आधारशीला पर खड़ा हो रहा है।

## नित अभ्यास से दर्शन कर सकते हैं ईश्वर का

सभी शास्त्र कहते हैं कि बिना भगवान को प्राप्त किये मुक्ति नहीं मिल सकती है। इसलिए भगवान की तलाश के लिए कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो कोई मस्जिद, कोई गुरूद्वारा, तो कोई गिरजाघर। लेकिन इन सभी स्थानों में जड़ स्वरूप भगवान होता है। अर्थात ऐसा भगवान होता है जिसमें कोई चेतना नहीं होती है। असल में भगवान की चेतना तो अपने भक्तों के साथ रहती है इसलिए मंदिर में हम जिस भगवान को देखते हैं वह मौन होकर एक ही अवस्था में दिखता है। जब हमारी चेतना यानी इन्द्रियां अपने आस-पास ईश्वर को महसूस करने लगती है तब हम जहां भी होते हैं वहीं ईश्वर प्रकट दिखाई देता है। उस समय भगवान को ढूंढने के लिए मंदिर या किसी तीर्थ में जाने की आवश्यकता नहीं होती है। जब व्यक्ति इस अवस्था को प्राप्त कर लेता है तब व्यक्ति के साथ चल रही भगवान की चेतना व्यक्ति के मंदिर में प्रवेश करने पर मंदिर में मौजूद ईश्वर की प्रतिमा में समा जाती है और मूक बैठी मूर्ति बोलने लगती है। यह उसी प्रकार होता है जैसे मृत शरीर में आत्मा के प्रवेश करने पर शरीर में हलचल होने लगती है। शरीर की क्रियाएं शुरू हो जाती है। मंदिर में विराजमान मूर्ति वास्तव में एक मृत शरीर के समान है। मृत की पूजा करें अथवा न करें उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी श्रद्धा और भक्ति की अनुभूति वही कर सकता है जिसमें चेतना हो प्राण हो। इसलिए तीर्थों में भटकने की बजाय जिस देवता की उपासना करनी हो उसे अपनी आत्मा से ध्यान करें उनकी आत्मा अर्थात परमात्मा से संपर्क करें, परमात्मा की पूजा करें तो, जो फल वर्षों मंदिर यात्रा से नहीं मिल सकता, वही फल कुछ पल के ध्यान से मिल सकता है।

# कुशल प्रशासक तथा अजेय राजनीतिज्ञ थे स्वर्गीय श्री माधवराव सिंधिया

(77वी जयंती 10 मार्च पर विशेष )

**मोहम्मद अजीज**

भारतीय राजनीति में ऐसे बहुत कम व्यक्तित्व रहे हैं जो सत्ता में रहे बिना भी जनता के बीच समान रूप से लोकप्रिय रहे हो ऐसे ही विशिष्ट छवि वाले राजनीतिज्ञों में स्वर्गीय माधवराव सिंधिया जी का नाम लिया जा सकता है जिन्होंने राजनीतिक जीवन को राजनीतिक मापदंडों आदर्शों एवं नैतिकता के बंधनों में बंद कर व्यतीत किया राजनीति उनके लिए व्यवसाय नहीं वरन जन सेवा करने का माध्यम थी माधवराव सिंधिया जी का जन्म 10 मार्च 1945 को मुंबई में हुआ था ग्वालियर में सिंधिया स्कूल से लेकर ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में उनकी शिक्षा हुई वर्ष 1971 में जनसंघ के टिकट पर गुना से लोकसभा चुनाव जीते तब से लेकर 1999 के तेरहवीं लोकसभा चुनाव तक लगातार 9 बार संसद में पहुंचते रहे अपने वैचारिक मतभेदों के चलते कुछ वर्षों के भीतर ही उन्होंने जनसंघ त्यागकर कांग्रेस में प्रवेश किया और अपने मृत्यु पर्यंत तक वे कांग्रेस के सिद्धांतों एवं आदर्शों की डोर से बंधे रहे 1996 में गलत रूप से हवाला कांड में नाम आ जाने के कारण मध्य प्रदेश विकास कांग्रेस का गठन कर इसी दल के बैनर तले चुनाव लड़ा परंतु कांग्रेस के सिद्धांतों से दूर नहीं हुए अपनी निर्दोषिता साबित करने के लिए उन्होंने जनता की अदालत में जाने का निश्चय किया जनता ने उन्हें लाखों मतों के अंतर से विजई बनाकर निर्दोष होने का प्रमाण पत्र दे दिया बाद में न्यायालय ने भी निर्दोष घोषित किया अपनी माता राजमाता सिंधिया से वैचारिक मतभेद के चलते मां बेटे के रास्ते अलग होने के बावजूद भी उन्होंने अपनी मातृभूमि में लेश मात्र भी कमी नहीं आने दी जब भी पत्रकारों ने माता से मतभेदों के बारे में पूछा उन्होंने गंभीरता पूर्वक इस मुद्दे पर बोलने से इंकार कर दिया एक पुत्र का अपनी मां से यह विलगाओ उन्हें जीवन पर्यंत कचोटता रहा इस पर भी उन्होंने अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता को तिलांजलि नहीं दी उनका यह दृढ़ विश्वास था कि भारत जैसे बहु धर्मी बहुभाषी राष्ट्र में हम वर्ग विशेष को प्रोत्साहन एवं समर्थन देकर देश की एकता अखंडता को अक्षुन्य नहीं कर सकते सांप्रदायिकता के मुद्दे पर उन्होंने बेलाग अपना मंतव्य प्रकट किया जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें कई बार राजनीतिक रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ा पर इन कट्टरपंथी ताकतों के सामने उन्होंने कभी हार मान कर अपनी प्रतिबद्धता को नहीं छोड़ा सामाजिक समरसता और सांप्रदायिकता उनकी सैद्धांतिक निष्ठा में सर्वोपरि थे सिंधिया की यह दृढ़ मान्यता थी कि अच्छा शासन तभी संभव है जब सरकार मूल आधारित एवं जनता हित साधक दृष्टिकोण रखकर काम करने वाली हो सिंधिया चाहते थे कि भारत अतीत की सारी अच्छाइयों का अनुसरण करें और भविष्य की तरफ अग्रसर रहें ऐसा समाज जो अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो परंतु अपने कर्तव्य निर्वहन से पीछे ना हटे सिंधिया भारत में समृद्ध एवं सामाजिक संघर्ष से मुक्त समरसता पूर्ण समाज की स्थापना करना चाहते थे सिंधिया एक कुशल एवं परिपक्व राजनीतिक होने के साथ-साथ एक कुशल प्रशासक व उच्च कोटि के प्रबंध करता भी थे वे जिस भी विभाग के मंत्री रहे उस विभाग का कायाकल्प किया वे एक गतिमान राजनेता थे अपने समय से कुछ और अधिक तेज गति से चलते थे शिथिलता या ढीलापन उन्हें असहाय था चुस्त दुरुस्त समय के पाबंद सिंधिया राजनीति के मैदान में हो या खेल के मैदान में अपनी उपस्थिति से हलचल पैदा करने वाले गौरवशाली व्यक्तित्व थे उन्होंने अपने संपूर्ण राजनीतिक जीवन में कभी भी पद के लोभ में जोड़-तोड़ की राजनीति नहीं की सिंधिया ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा था कि मुझे काम करने के लिए पद की आवश्यकता महसूस नहीं होती और किसी पद का आकांक्षी नहीं हूं राजपरिवार में जन्म लेने के बावजूद भी वे अपने व्यक्तित्व में कभी सामंती पन नहीं झलकने दिया आम जनता के सुख दुख में हमेशा भागीदार रहे और उनकी अजेयता के पीछे जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता ही प्रमुख रूप से जिम्मेदार प्रतिबद्धता ही प्रमुख रूप से जिम्मेदार थी 30 सितंबर 2001 को वह दुनिया को अलविदा कहने वाले सिंधिया एक महान देशभक्त भी थे।

# डॉक्टर बनने का सपना

## सूडोकु नवताल- 6006

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6005 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

**(लेखक-सिद्वार्थ शंकर)**

देश में मेडिकल की पढ़ाई करना बहुत महंगा है। स्थिति यह है कि देश के 80 फीसदी लोग प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई का खर्च नहीं उठा सकते हैं। देश में मेडिकल की पढ़ाई पर बेतहाशा खर्च को लेकर अक्सर चर्चा होती है। इधर रूस के यूक्रेन पर हमले के बीच एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए विदेश जाने वाले छात्रों के जरिये मेडिकल की पढ़ाई के खर्च पर फिर बहस तेज हो गई है। देश में प्राइवेट कॉलेज से मेडिकल पढ़ाई की फीस इतनी ज्यादा है कि यह खर्च एक करोड़ तक पहुंच जाता है। यूक्रेन संकट और महंगी पढ़ाई को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की फीस सरकारी मेडिकल कॉलेजों जितनी करने की सरकार की योजना के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में आधी सीटों पर सरकारी मेडिकल कॉलेजों के बराबर ही फीस लगेगी। नेशनल मेडिकल कमीशन ने गाइडलाइन तैयार कर ली है। बताया जा रहा है कि प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में 50 फीसदी सीटों पर सरकारी मेडिकल कॉलेजों जितनी फीस को लेकर एनएमसी की नई गाइडलाइन अगले शैक्षणिक सत्र से लागू होगी। यह फैसला निजी विश्वविद्यालयों के अलावा डीम्ड यूनिवर्सिटीज पर भी लागू होगा। मेडिकल के नए फीस स्ट्रक्चर का लाभ पहले उन छात्रों को दिया जाएगा जिनका एडमिशन सरकारी कोटे की सीट पर होगा। हालांकि यह किसी भी संस्थान की कुल सीटों में से अधिकतम 50



फीसदी सीटों की संख्या तक सीमित रहेगा, लेकिन अगर किसी संस्थान में सरकारी कोटे की सीटें वहां की कुल सीटों की 50 फीसदी की सीमा से कम है, तो उन छात्रों को भी फायदा मिलेगा जिनका एडमिशन सरकारी कोटे से बाहर लेकिन संस्थान की 50 फीसदी सीटों में हुआ है। इसका निर्धारण मेरिट के आधार पर होगा। यह फैसला वर्तमान संदर्भ में बेहतरीन है। सरकारी कॉलेज में सीमित सीटों के कारण करीब देश के 80 फीसदी से अधिक परिवार ऐसे हैं जो अपने बच्चों की मेडिकल पढ़ाई का खर्च नहीं उठा सकते हैं। ऐसे में देश से बच्चे मेडिकल पढ़ाई के लिए रूस, यूक्रेन, बांग्लादेश, नेपाल, स्पेन, जर्मनी जैसे देशों में जाते हैं। इसकी वजह है कि इन देशों में मेडिकल पढ़ाई का खर्च तुलनात्मक रूप से काफी कम है। यूक्रेन जैसे देश में मेडिकल कोर्स में एडमिशन लेना अधिक आसान है। इसके अलावा यदि देश में प्राइवेट कॉलेज से मेडिकल पढ़ाई का खर्च 60 लाख से 80 लाख रुपए के बीच है। वहीं, यूक्रेन और अन्य देश महज 20 से 35 लाख रुपए तक में ही मेडिकल की पढ़ाई कर सकते हैं। देश में एमबीबीएस की कुल 90800 सीटों में सिर्फ आधी सीटों का लोग खर्च उठा सकते हैं। इसकी वजह है कि ये सीटों सरकारी मेडिकल कॉलेज में हैं। यदि एमबीबीएस की सरकारी कॉलेज में कुल सीटों को हटा दिया जाए तो महज 200 सीट हैं ऐसी है जिसका खर्च लोग उठा सकते हैं। अकेले एनआरआई और मैनेजमेंट कोटे की सीटों की सालाना फीस ही करीब 5 हजार करोड़ रुपए है। एक सर्वे में सामने आया है कि देश के ग्रामीण इलाके जहां डॉक्टरों की बहुत अधिक कमी हैं, वहां सिर्फ एमबीबीएस की सिर्फ 40 फीसदी सीटें हैं। इनमें से अधिकतर सरकारी कॉलेजों में हैं। ऐसे में अब सवाल उठता है कि हम मेडिकल पढ़ाई के खर्च को कैसे देखते हैं? राष्ट्रीय सांख्यिकी आंकड़ों के अनुसार हम प्रति व्यक्ति सालाना खर्च को देखते हैं। देश में करीब 90 फीसदी लोग असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं। इसमें देश की 80 फीसदी आबादी के सालाना खर्च और एमबीबीएस की सालाना फीस की तुलना की गई। इसमें परिवार के सालाना खर्च के आधी रकम को अफोर्डबल फीस माना गया। हालांकि, यह कहना थोड़ा वास्तविकता से हटकर होगा की एक परिवार अपने कुल खर्च का आधा हिस्सा बच्चे की मेडिकल पढ़ाई पर लगा सकता है। हालांकि, ट्यूशन फीस के अलावा हॉस्टल चार्ज, मेस खर्च, एग्जाम फीस, यूनिवर्सिटी डेवलपमेंट फीस भी शामिल हैं। यह एक लाख से 3 लाख तक सालाना अधिक हो सकता है।

## अब पूतिन खुद बात करें झेलेंस्की से

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

यूक्रेन से हजारों भारतीय सुरक्षित लौट आए, यह खुशखबर है। रूस और यूक्रेन ने उन्हें बाहर निकलने के लिए सुरक्षित बरामदा दे दिया है। बदले में भारत इस वक्त यूक्रेन और रूस दोनों की मदद करे, यह जरुरी है। यह काम न अमेरिका कर सकता है, न चीन और न ही अन्य यूरोपीय राष्ट्र, क्योंकि वे इस या उस पक्ष से जुड़े हुए हैं। रूसी हमले को अब दो सप्ताह होने को आए हैं। अब दोनों देशों का दम फूलने लगा है। रूस में भी हजारों लोग पूतिन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और उधर यूक्रेन के राष्ट्रपति झेलेंस्की ने अब ऐसा बयान दे दिया है कि उसे वह महिने-दो महिने पहले दे देते तो रूसी हमले की नौबत ही नहीं आती। उन्होंने न सिर्फ नाटो के जबानी-जमा-खर्च की पोल खोल दी बल्कि अपनी गलती भी स्वीकार की। उन्होंने नाटो के फुसलावे में आकर रूस से झगड़ा मोल ले लिया। अब उन्होंने एबीसी टीवी को दिए गए एक इंटरव्यू में साफ-साफ कह दिया है कि यूक्रेन के नाटो में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। नाटो किस काम का है? उसने यूक्रेन का इतना-सा निवेदन भी नहीं माना कि वह यूक्रेन के हवाई-क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दे ताकि रूसी विमान यूक्रेन पर बम न बरसा सकें। वे ऐसे देश के राष्ट्रपति नहीं बने रहना चाहते हैं, जो घुटने टेक कर अपनी सुरक्षा की भीख मांगे। झेलेंस्की ने दोनबास क्षेत्र के दो जिलों को स्वतंत्र राष्ट्र बनाने की रूसी घोषणा की दो-टूक भर्त्सना नहीं की। उन्होंने कहा कि दोनेत्स्क और लुहांस को रूस के अलावा किसी ने भी मान्यता नहीं दी है। इन दोनों क्षेत्रों के भविष्य के बारे में भी हम बातचीत कर सकते हैं। लेकिन वहां के निवासियों में जो लोग यूक्रेन के साथ रहना चाहते हैं, उनके बारे में भी सोचना होगा। झेलेंस्की के इस बयान के बावजूद यदि पूतिन अपनी जिद पर डटे रहते हैं तो अनेक तटस्थतावादी देशों और बुद्धिजीवियों के बीच उनकी छवि विकृत होती चली जाएगी। इस समय जो चीन बराबर रूसी रवैए के प्रति सहानुभूति दिखाता रहा है, उसने भी रूस से अपील की है कि वह संयम का परिचय दे। तुर्की और चीन भी अब मध्यस्थता की कोशिश में लगे हैं। आशंका यही है कि कहीं पाकिस्तान के इमरान खान इस मामले में हमारे नरेंद्र मोदी से आगे न निकल जाएं। वे हमले के वक्त मास्को में पूतिन के मेहमान भी थे और भारत की तरह वे तटस्थ भी रहे हैं। जहां तक झेलेंस्की का सवाल है, उनकी हिम्मत की दाद देनी पड़ेगी। वे अफगानिस्तान के अशरफ गनी की तरह देश छोड़कर भागे नहीं हैं।

# आदर-सम्मान पाकर महिला सफाई दूतों के खिले चेहरे



## स्वच्छता एंबेसडर और सीएमओ ने नपा की सफाई दूत महिलाओं का किया सम्मान

**अम्बाह।** नगर पालिका परिषद अंबाह की महिला सफाई दूतों के लिए आज का दिन यादगार बन गया, जब सीएमओ और स्वच्छता एम्बेसडर ने मिलकर उन्हें मंच पर अपनी कुर्सी पर बिठाया और पुष्पा हार भेंट कर सम्मान स्वरूप साडियां भेंट कीं, साथ ही साथ उन्हें अपने हाथों से स्वल्पाहार भी कराया। स्वच्छता एंबेस्डर उमेश जैन एवं डॉ सुधीर आचार्य की पहल पर आयोजित हुए। कार्यक्रम की भूमिका बताते हुए सीएमओ रामनिवास शर्मा ने कहा कि हमारी नगर पालिका के स्वच्छता एंबेसडर डॉ सुधीर आचार्य और उमेश जैन सभी सफाई दूतों के साथ मिलकर लगातार सफाई का कार्य तो कर ही रहे हैं। इसके साथ-साथ उन्हें प्रोत्साहन देने और उनका बराबर मान सम्मान रखने का प्रयास भी कर रहे हैं। इसी क्रम में उनके द्वारा सभी महिला सफाई दूतों को विशेष सम्मान देने की कार्य योजना तैयार की गई, जिसे आज भव्य आयोजन का स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं स्वच्छता एम्बेसडर डॉ सुधीर आचार्य ने नगर को स्वच्छ सुन्दर बनाने में अत्यधिक श्रम करने वाली महिलाओं के परिश्रम को नमन करते हुए कहा कि हम सब मिलकर नगर को और स्वच्छ रखने का प्रयास करेंगे। पूर्व पार्षद उमेश जैन ने कहा कि यह एक नई सोच और नई तरह की पहल है जो पहली बार किसी नगर पालिका में हो रही है। कार्यक्रम के उपरांत महिलाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती किशोरी गुप्ता ने कहा कि महिला दिवस के परिपेक्ष में ही इस आयोजन को देखा जाना चाहिए। हमारे नगर पालिका सीएमओ और स्वच्छता एंबेसडर भाइयों ने यह उत्कृष्ट कार्य किया है। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी रवि शर्मा भूरा, एसडीएम स्टेनो राजेश,, महेंद्र सखवार,सफाई दरोगा रामनरेश, जिला आनंद विभाग के संयोजक बालकृष्ण शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पहली बार हुआ है ऐसा सम्मानः सफाई कर्मी

सम्मान के मौके पर उपस्थित महिलाओं ने कहा कि इस तरह से उनका मान सम्मान आदर पहली बार हुआ है जबकि उन्हें नगरपालिका में नौकरी करते हुए 15- 20 साल हो गई। कमलाबाई ने कहा कि इतने बड़े अधिकारी और बड़े लोग हमें कुर्सी पर बैठा कर खुद खड़े रहे आदर सम्मान किया अपने हाथों नाश्ता कराया हम सभी बहनें बहुत खुश हैं।

## खाद्य विभाग की टीम ने कैलारस व सबलगढ में की कार्रवाई



**कैलारस।** खाद्य विभाग की टीम ने जिले के कैलारस व सबलगढ़ क्षेत्र में मिश्रित दूध एवं किराने की दुकान से मसालों के सैंपल भरकर कार्यवाही की तथा सैंपल जांच के लिए भेजे गए है। जिला प्रशासन द्वारा खाद्य विभाग की टीम को जिले में लगातार मिलावटी पदार्थों पदार्थों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य कार्रवाई में खाद्य विभाग की टीम ने चलित लेव टीम के माध्यम से कैलारस की जय मां वैष्णो दुग्ध डेयरी संचालक अजब सिंह सिकरवार के यहां से मिश्रित दूध का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है। वही सबलगढ़ से दाऊजी किराना स्टोर, विजय कुमार मनीष कुमार किराना स्टोर, बद्री विशाल बाबूलाल किराना स्टोर, न्यू ओम किराना स्टोर, धर्मेंद्र किराना स्टोर, बंश किराना स्टोर, कान्हा किराना स्टोर सहित कुल 7 दुकानों से काली मिर्च, पोहा, मिर्च, चाय, बेसन, अन्य खाद्य सामग्री के सैंपल लिए गए, वहीं खाद्य विभाग की टीम ने बताया कि यह कार्यवाही लगातार जिले में जारी रहेगी। खाद्य विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद कैलारस सबलगढ़ के दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

## अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने मनाया महिला दिवस

**मुरैना।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की स्थानीय इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला उत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए



जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्षा सुमन शर्मा ने कहा कि आज हम पूरी दुनिया की महिलाओं के साथ उत्सव के रूप में महिला दिवस मना रहे हैं। हम संकल्प लेते हैं कि हम महिलाओं के लिए न्याय व बराबरी के संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। आज भी देश में विधायिकाओं में 33% आरक्षण की मांग के लिए जद्दोजेहद जारी है। हमारी यह लड़ाई जरूर कामयाब होगी। यह प्रेरणा हमें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास से मिलती है। उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर आगे आने की अपील की। इस मौके पर जनवादी महिला समिति की नेत्री उमा नायडू ने भी महिलाओं को संबोधित किया। अर्चना बघेल, लक्ष्मी देवी, मीरा माहौर, भूरी श्रीवास, गीता कुशवाह, मंजू राजोरिया आदि महिलाएं शामिल रही।

## कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रताप का सेकडों युवाओं ने मनाया जन्मदिन

**कैलारस।** ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी जौरा के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार का जन्मदिन कैलारस मैं धूमधाम से मनाया गया है। इस



अवसर पर जौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार ने सभी युवाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे प्रति आप लोगो का स्नेह ऐसे ही बना रहे। उन्होंने कहा कि किसी क्षेत्र में मेरी जरूत हो तो आप मुझे बतायें में सदैव आपके साथ हूँ। श्री सिकरबार का डोंगरपुर में भोलू सिकरवार, पंकज जादोन, कुलदीप सिकरवार, चित्रांश जादोन और कुशवाह क्लीनिक सुभाष स्कूल के पास जन्मदिन मनाया। उसके बाद अनाज मंडी में भूदेव क्लब के आर्मी, सीआरपीएफ, पुलिस की तैयारी कर रहे युबाओं ने श्री सिकरवार का जन्मदिन मनाया।

# जेसीआई मुरैना जागृति ने विश्व महिला दिवस नर्सों को किया सम्मानित किया

**मुरैना।** महिलाओं के स्वयं सेवी संगठन जेसीआई मुरैना जागृति ने विश्व महिला दिवस पर उन नर्सों को सम्मानित किया, जो जिला अस्पताल में मरीजों के उपचार में हाथ बंटा रही हैं। सम्मान पाकर नर्सों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। जेसीआई मेंबर्स ने इस अवसर पर मेटरनिटी वार्ड में नवजात बालिकाओं व उनकी माताओं को भी उपहार भेंट किए। जेसीआई मेंबर्स ने जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में पदस्थ तकरीबन एक दर्जन महिलाओं को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें फूलमालाएं पहनाई। सम्मान पाकर नर्से अविभूत हो उठीं। केरल की रहने वाली मेट्रन मीना डेकाडे ने तो यहां तक कहा कि यहां पहली बार वे इतने अपनेपन का अहसास कर रही हैं। यह कहते हुए उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। नर्सों को सम्मानित करने के बाद जेसीआई मेंबर्स ने आठ मार्च को जन्म लेने वाली सभी नवजात बालिकाओं के लिए कपड़े, डाइपर व खिलौने बाटे। वहीं उनकी माताओं को फल, बिस्किट व ड्रायफ्रूट्स वितरित किए। कार्यक्रम में फाउण्डर प्रेसिडेंट भावना जैन, नीता बांदिल, अनुभा माहेश्वरी, नीरजपाल गुप्ता, अनुराधा गर्ग, अंजना शिवहरे, मधु सिंहल, वर्तमान अध्यक्ष मधु प्रमोद सिंहल, सचिव ज्योति मोदी, सिंपल गोयल, सुमन भदौरिया, निधि गुप्ता, बीनू अग्रवाल, ललिता दीक्षित मौजूद रहीं।



### सम्माननीय है नर्सिंग का काम


कार्यक्रम में जेसीआई अध्यक्ष मधु प्रमोद सिंघल ने कहा कि नर्सिंग का काम सम्माननीय है। किसी भी बीमार व्यक्ति की देखभाल जिस तरह घर में परिवार के सदस्य करते हैं, वैसे ही अस्पतालों में नर्से उनके उपचार में हाथ बंटाती हैं। फाउण्डर प्रेसिडेंट भावना जैन ने कहा कि अस्पतालों में नर्सों के साथ विनम्रता से व्यवहार करना चाहिए। कई बार उनके साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आती हैं। इन्हें रोकने के लिए सरकारी स्तर पर कड़े प्रावधान होने चाहिए। जेसीआई की अन्य मेंबर्स ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए।

# माकपा राज्य सचिव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर जताई नाराजगी

**भोपाल।** गत 7 मार्च की सुबह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यालय में पुलिस द्वारा बिना सर्च वारंट घुस कर बिना वारंट पार्टी के वरिष्ठ नेता ए टी पदमनाभन को गिरफ्तार किए जाने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिख कर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे लोकतंत्र के लिए अशुभ संकेत बताया है। माकपा राज्य सचिव जसविंदर सिंह की ओर से मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि विपक्षी पार्टियों की ओर से सरकार की नीतियों के विरोध में धरना, प्रदर्शन, सत्याग्रह आदि परंपरागत तरीके हैं। विधान सभा सत्र के दौरान आम तौर प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हो जाता है। मगर भाजपा सरकार ने न केवल इन प्रदर्शनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है, बल्कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकातें भी बंद कर दी गई है, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। माकपा ने अपने पत्र में कहा है कि आपातकाल के दौरान भी किसी राजनीतिक दल के कार्यालय में पुलिस जबरिया नहीं घुसी थी। पत्र में यह कहा गया है कि राजनीतिक स्तर पर



लिए गए निर्णय के बिना पुलिस यह हरकत नहीं कर सकती है। माकपा ने मुख्यमंत्री से कहा है कि यदि यह घटना राजनीतिक स्तर पर चर्चा के बाद हुई है तो इसकी पुर्नावृत्ति को रोका जाना चाहिए और यदि पुलिस प्रशासन ने अपने स्तर पर की है तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। उक्त मामले में माकपा नेता ने नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ को भी पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की है।




# पुलिस की लापरवाही से डग्गामार वाहन डाल रहे सवारियों की जान खतरे में

**पोरसा।** पुलिस की लापरवाही के कारण क्षेत्र में इन दिनों डग्गामार वाहनों के द्वारा क्षमता से अधिक सवारियां भरकर उनकी जान को खतरे में डाला जा रहा है और पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। नगर में अगर देखा जाए तो लगातार ओवरलोडिंग बस, टेंपो से लेकर लोडिंग वाहन तक डेली प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पोरसा शहर से ग्रामीण शहर एवं भिंड, मुरैना, अटेर की तरफ जाते हैं, लेकिन प्रशासन का बिल्कुल ध्यान नहीं है। ऐसा लगता है कि प्रशासन एवं पुलिस किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। पूर्व में देखा गया है कि जब ओवरलोडिंग वाहनों से दुर्घटना हो जाती है और जान माल की हानि होती है तब वह सचेत होते हैं और कई दिन तक सक्रियता दिखाते हैं। सुबह से लेकर शाम तक बस, टेंपो और लोडिंग वाहनों में सवारिया ऊपर नीचे लटकी हुई दिखाई देगी, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



बसों के ऊपर सवारियां बैठने से ऊपर विद्युत विभाग की लाइने निकली हुई है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है, लेकिन प्रशासन का फिर भी कोई ध्यान नहीं है। पोरसा अटेर रोड पर सुबह 8 बजे से बस एवं टेंपो सहित लोडिंग वाहनों में सवारिया ओवरलोड भरकर ऊपर नीचे लटकती हुई चलती है। इसी तरह भिंड रोड पर बसों के ऊपर एवं टेंपो और लोडिंग वाहनों के चारों तरफ लटकते हुए सवारियां चलती है। इसी तरह जोटई रोड पर भी यही स्थिति देखने को मिलेगी, फिर भी प्रशासन मौन क्यों है और कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है।

# ब्लैकमेल कर कई वर्षों तक दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने एक 25 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म कर फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को ग्वालियर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गणेशपुरा में दुबे के मकान में किराए से रहने वाली एक 25 वर्षीय महिला मधु रेडियो मुरैना पर नौकरी करती थी, वहीं पर बड़ौदा जिला श्योपुर का एक युवक भी नौकरी करता था। दोनों एक ही दुकान पर काम करने से संपर्क में थे और लड़का युवती के घर आने जाने लगा। वर्ष 2015 में एक दिन आरोपी युवती के घर रात को रुक गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया तथा इस दौरान उसने फोटो खींच ली और वीडियो बना लिए, जिसके बाद वह उसे लगातार ब्लैकमेल करता रहा और शारीरिक संबंध बनाता रहा। तीन चार महीने पश्चात युवती ग्वालियर विनय नगर चली गई और वहां भी यह युवक उसे परेशान करने लगा। परेशान होकर 27 दिसंबर 2021 को युवती ने पड़ाव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और वहां से जीरो पर कायम होने के बाद मामला सिटी कोतवाली को स्थानांतरित कर दिया गया। सिटी कोतवाली पुलिस में पदस्थ एसआई रूबी तोमर ने थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह जादौन के निर्देशन में पुलिस टीम के साथ गत दिवस बलात्कार के आरोपी को ग्वालियर जेल रोड से पकड़ लिया और उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।



# विधानसभा में आज होगा छत्तीसगढ़ का वार्षिक बजट पेश

## विधायको ने बजट सत्र के लिए लगाए 1682 प्रश्न....

**रायपुर(छत्तीसगढ़)** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट आज पेश होने जा रहा है, सुबह 11 बजे राज्यपाल अनुसुईया उइके के अभिभाषण से इसकी शुरुआत होगी, और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दोपहर 12.30 बजे विधानसभा में छत्तीसगढ़ का वार्षिक बजट प्रस्तुत करेंगे। यह छत्तीसगढ़ में अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। सदन के पहले दिन दिवंगत पूर्व सांसदों-विधायकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस सत्र में 13 बैठकें होनी हैं।

### बजट सत्र के लिए 1682 प्रश्न विधायकों ने लगाए-

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने बताया कि तृतीय अनुपूरक अनुमान के लिए 7 मार्च का समय है, जिसके लिए 1 दिन का समय 8 मार्च रखा गया है। वहीं बजट सत्र के लिए प्रश्नों की संख्या 1682 है, जिसमें 854 तारांकित प्रश्न और 828 अतारांकित प्रश्न हैं। ध्यानाकर्षण की 114 सूचनाएं, स्थगन की 10 सूचनाएं, नियम 139 के अधीन अविलंबनीय लोक महत्व के




विषय पर चर्चा के लिए 4 सूचनाएं, अशासकीय संकल्प की 7 सूचनाएं, शून्यकाल की 16 सूचनाएं तथा याचिका की 45 सूचनाएं प्राप्त हुई है।

### 90त प्रश्न ऑनलाइन आए, कटाई से बचेंगे 58 पेड़-

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बताया कि कोविड-19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए इस बार सभी प्रश्न ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित किए गए थे। उन्होंने बताया कि बजट सत्र के लिए कुल 1682 प्रश्न प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1499 प्रश्न यानी 90 प्रतिशत ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने ऑनलाइन माध्यम से प्रश्नावली मंगाए जाने के लाभ को बताते हुए कहा कि इससे हर साल 2.2 टन कागज की बचत होगी, जिससे 58 वृक्षों की कटाई भी हर साल बच जाएगी। 1 लाख लीटर पानी की भी बचत होगी। पर्यावरण प्रदूषण भी कम होगा। इस नई पहल का लाभ छत्तीसगढ़ के साथ देश को भी मिलेगा।



## युवा नेता राजेंद्र सैनी ने कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मैं शिरकत

**ब्यूरो चीफ ऑफ राजस्थान जितेंद्र सिंह**

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जाट बड़ौदा वार्षिक उत्सव प्रोग्राम मे बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की उत्कृष्ट कार्यों मे अव्वल विद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित कीया इस अवसर पर ग्राम विकास समिति जाट बड़ौदा की युवा टीम के साथ बच्चो को ठन्डे पानी के लिए एक वाटर कूलर की घोषणा की । विधालय स्टाफ द्वारा अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर श्रीमती सुमन बाई मीणा (सरपंच) , श्री गिरधर सिंह जी जाट, श्री नरूका जी सेकेट्री , श्री जीतू चौधरी मेंबर, श्रीमती मनीषा मीणा,हरूश्री पवन प्रजापत अध्यापक , श्री जमनालाल बेनीवाल (उपसरपंच), श्री बबलू सैनी अध्यापक, श्री अजय सिंह जाट मेंबर,लखन सैनी नगरपरिषद, श्री अशोक सैनी, श्री केशव शर्मा एलडीसी, श्री मनीष सैनी, श्री कल्लू सैनी कई पंच पटेल एवं विधालय का समस्त स्टाफगण उपस्थित रहा!

## यूक्रेन से बेटे की वतन वापसी पर परिजनों में दौड़ी खुशी की लहर।

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**एटा।** जेल रोड निवासी अभिषेक कुशवाहा पुत्र गंगा सिंह कुशवाह ने कल मंगलबार सुबह 3ः00 बजे वतन वापसी की अभिषेक कुशवाहा यूक्रेन दैन्यपोर से अपनी मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं वहां उनकी तीसरी साल है अभिषेक ने बताया कि वहां के हालात बहुत खराब है खाने पीने का सामान भी नहीं मिल पा रहा है दैन्यपोर से उन्हें रोमानिया बॉर्डर तक आने में बस से 27 घंटे लगे उसके बाद बॉर्डर पर समय गुजारा फ्लाइट मिलने पर दिल्ली एयरपोर्ट वापसी हुई और एटा आये। सरकार को धन्यवाद कहा कि सरकार की वजह से हम अपने घर वापस आ सके और अपने मां बाप से मिल पाए।



### मध्यप्रदेश का बजट,बजट नहीं जुमला है-आकाश राय



**दैनिक पुष्पाजंलि टुडे ब्यूरो अजय खंगार**

**पलेरा ।** मध्यप्रदेश बजट को लेकर कांग्रेस युवा नेता आकाश राय ने बताया यह बीजेपी सरकार का बजट नहीं एक जुमला है हर बार यह बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते हैं बह सब जुमला साबित होती हैं। पिछली बार के बजट में बीजेपी सरकार ने कहा था कि हम 24000 नए शिक्षकों की नियुक्ति करेंगे लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई उन्होंने कैंसर हॉस्पिटल की घोषणा की थी लेकिन वह पूरी नहीं हुई अभी जो बाल विकास पर बजट आया है उसका मैं सम्मान करता हूं लेकिन मुझे यह लगता है कि यह भी एक जुमला होगा क्योंकि बच्चों के शोषण में मध्य प्रदेश पहले स्थान पर है 17800 केस बाल शोषण के एक्टिव है

## बच्चे वास्तव में भगवान का स्वरूप होते हैं: पं. श्री रामनिवास व्यास जी

### कथा के छटवें दिन किया भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का बखान।

**उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर चम्बल संभाग दैनिक पुष्पांजली टुडे भिण्ड**

**भिण्ड।** भिण्ड शहर के पास चल रही श्रीमदभागवत कथा में छटवें दिन आचार्य श्री रामनिवास व्यास जी ने कथा प्रसंग में कहा कि छोटे बच्चे भगवान का रूप होते हैं।तथा भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने भी कृष्ण जन्म के समय अपने बचपन में सभी प्रकार की लीलाएं की थीं।छोटे स्वरूप में भगवान कृष्ण ने अपनी शक्तियों को दिखाना शुरू कर दिया था।जिससे कंस का साम्राज्य हिल गया था।कई दैत्य कन्हैया को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आये और अंत में परास्त होते गए।भगवान की बाल लीलाओं का बहुत ही अच्छे तरीके से बखान करते हुए कहा कि बच्चे भगवान का वह रूप होते हैं जिनमें किसी भी प्रकार का छल कपट व हीन भावना नहीं होती है।बच्चों को बड़े ही लाड़ प्यार से रखना चाहिए।भक्ति का आनंद ले रहे श्रोताओं ने बड़ी शांती से कथा का रसपान किया।यहाँ आपको बता दें कि भागवत कथा 4 मार्च से 10 मार्च तक चलेगी।कथा ग्राम लावन में आयोजित की जा रही है।जिसमें पारीक्षत श्रीमती महादेवी पत्नी राजाराम सुरवारिया हैं।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद सभागार पोहरी में सम्मान समारोह का हुआ




**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर अरुण खंगार पोहरी मो. 7024485133**

**पोहरी ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद सभागार पोहरी में बालिकाओं एवं महिलाओं को एवं प्रतिभाशाली शिक्षिका बालिकाओ एव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को लेकर आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से एस डी एम श्री राजनवीनाडीया महिला वाल विकास अधिकारी श्री नीरज सिंह गुर्जर तहसीलदार श्री मति प्रेमलता पाल विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मोतीलाल सिंह खंगार उपस्थित रहे

## पार्षद एम आई सी सदस्य श्री सुंदरलाल जोगी द्वारा लगाई जा रही शिविर

रायपुर के दानवीर भीमाशाह वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद एम आई सी सदस्य श्री सुंदरलाल जोगी द्वारा लगाई जा रही शिविर तुहर पार्षद तुहर दुवारी मे लोगो की सफाई,पेयजल ,स्ट्रीट लाइट, निराश्रित पेंशन राशन कार्ड परिवार सहायता से संबंधित बहुत सी जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर संबंधित निगम के अधिकारियों को वार्डवासियों की समस्याओ का शीघ्र नियमनुकूल निदान करने को निर्देशित किया इस दौरान श्री जोगी जी ने वार्ड के निवासियों को नए राशन कार्ड वितरित किए राशन कार्ड में नाम जुड़वाने कटाने की कार्यवाही हेतु आवेदन पत्र जमा करवाएं निराश्रित पेंशन एवं परिवार सहायता योजना से संबंधित आवेदन पत्र




भी जमा करवाएं अपने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों पर स्वयं खड़े होकर सफाई मित्रों के साथ नालियों की सफाई करवाते हुए कचरा एवं गंदगी निकलवाकर स्वच्छता जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कायम करवाई तथा क्षेत्र में मच्छर की समस्याओं से निदान पाने के लिए एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलवाया जिससे मलेरिया एवं डेंगू जैसे अनेक घातक बीमारियों से बचा जा सके अपने वार्ड में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत वार्ड वासियों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए लगाए गए मोबाइल मेडिकल यूनिट की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा लोगों से उनके स्वास्थ्य से संबंधित समस्त समस्याओं का निवारण करने का आश्वास्त किया. वार्ड के अलग-अलग क्षेत्रों में इनके द्वारा लगातार शिविर आयोजित की जा रही है जिससे वार्ड वासियों को अपने समस्याओं का निवारण करने में किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े द्य

## विशाल भंडारे के साथ हुआ श्री सतचंडी महायज्ञ का समापन, यजमानों ने अभ्रत स्नान के बाद किया बारी विसर्जन

### भंडारे के के बाद मंदिर पर लगाया चंदन का पौधा

**करैरा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री सिद्ध पीठ मंदिर टोड़ा करैरा पर विगत 9 दिनों से चल रहे श्री सतचंडी महायज्ञ का समापन हवन शांति पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे के साथ हो गया। यज्ञ मुख्य यजमान श्रीमती अंजना कृपाराम यादव रहे।

विशाल भंडारे में 45 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। दोपहर 1 बजे से रात्रि 10 बजे तक भक्त समूह दूर दराज से प्रसादी पाने पधारें। शराब और जुए के खिलाफ अभियान चला रहे टीला निवासी अनिल राय ने यज्ञ के समस्त 48 यजमानों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया एवं सभी यजमानों ने शराब जुए को छोड़ने का संकल्प लिया। इस दौरान लोकप्रिय बुंदेली कवि शिवदयाल यादव भगतजी व स्थानीय युवा कवि शिवम् यादव टोड़ा ने नशे के दुष्परिणामो पर कविता पाठ किया। श्री सतचंडी महायज्ञ में नौ दिन तक प्रतिदिन एक दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक कु.सोमवती किशोरी रामायणी द्वारा श्री राम कथा का रसास्वादन कराया। कथा यजमान श्रीमती मीरा खुशीराम यादव रहे।रात्रि में श्री बजरंग आदर्श रामलीला मंडल द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। पंडित श्री जगदीश प्रसाद शास्त्री के दिशा निर्देशन में यज्ञ हवन पूजन संपन्न कराया गया। मंदिर के महंत ब्रह्मलीन संत श्री अनंत राम दास जी महाराज सिद्ध बाबा की मूर्ति को निज मंदिर में स्थापित किया गया। अंतिम दिवस 7 बजे से 11बजे तक पूर्णाहुति हवन संपन्न हुआ तत्पश्चात दोपहर 11से 1 बजे तक श्री राम कथा हुई 1बजे से रात्रि 10 बजे तक सिद्ध बाबा का भंडारा चला उसके बाद रामलीला का मंचन अंतिम दिवस भी किया गया।



यज्ञ में बादाम सिंह भास्कर भगवतसिह ,जयेंद्र, हनुमत सिंह,मलखान सिंह ,सहाब सिंह, रज्जू, मजबूत सिंह, प्रदीप मामा, राजकुमार, अंजू रवि,अजय रामहेत, मुन्ना विश्वकर्मा, सूरत सिंह लोधी, राजकुमार नामदेव, लवकुश पाल, नरेंद्र,हरिदाऊ, गुड्डा,रामनाथ,गिरवल, रामस्वरूप, शालिकराम, इंदर,बाली,चाली, साहब सिंह, राजकुमार,राजा, हल्ले, अनिल, ब्रजेश,जुगराज, रामदास, मुरारी, रामसिंह, ख्याली, धर्मेन्द्र, अरविंद, हरिओम, मनोज नामदेव ने यजमानी की।यज्ञ में भंडारे के बाद समाजसेवी राजा भैया परिहार ने चंदन का पौधा यज्ञाचार्य जी के साथ लगाया। समस्त क्षेत्रवासियों के जनसहयोग के यह आयोजन सफलता पूर्वक सुसंपन्न हुआ।

## दबोह मे जोर शोर से चल भाजपा समर्पण निधि अभियान

### भाजपा में जुड़े कई नये कार्यकर्ता-राव साहब गुर्जर

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**

**दबोह**-जिले में इन दिनों भाजपा का समर्पण निधि अभियान जोर शोर से चल रहा है।इसी क्रम में यह अभियान भिण्ड जिले के दबोह नगर में भी जोर पकड़ रहा है।भाजपा समर्पण निधि के लिए दबोह नगर में भाजपा दबोह मंडल महामंत्री युवा नेता राव साहब गुर्जर को नगर का समर्पण निधि प्रभारी बनाया गया है। उनके कार्यकर्ताओ से लगातार संपर्क बनाए रखने की वजह से कार्यकर्ता लगातार समर्पण निधि में आगे आकर सहयोग कर रहे हैं और नए चेहरे भी भाजपा में जुड़ रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार समर्पण निधि में ज्यादा से ज्यादा लोग सहयोग कर रहे हैं।भाजपा मंडल प्रभारी राव साहब गुर्जर ने बताया कि यह समर्पण अभियान काफी जोरो से चलाया जा रहा है।सूत्रों की माने तो भाजपा मंडल महामंत्री राव साहब गुर्जर के नेतृत्व में पहली बार दबोह से भाजपा समर्पण निधि की एक बड़ी मुस्त एकत्रित की जाएगी।यहां बताना मुनासिब होगा कि मण्डल महामंत्री राव साहब गुर्जर भाजपा में एक सक्रिय कार्यकर्ता है और वह लगातार भाजपा के बड़े बड़े नेताओ के सम्पर्क में है।



## नेहरू युवा केंद्र संगठन शिवपुरी पिछोर द्वारा संपन्न हुआ बैंक मित्र संवर्ग कार्यक्रम



**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

**पिछोर,** नेहरू युवा केंद्र संगठन शिवपुरी पिछोर के तत्वधान में पिछोर के शासकीय आईटीआई में पिछोर के नेहरू युवा वालंटियर अनुराग पटेरिया द्वारा बैंक मित्र संवर्ग कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें अनुराग ने सभी आई आई के छात्र छात्राओं को बैंक से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई एवं बच्चों को डिजिटल इंडिया और ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में सभी को जागरूक किया गया इस कार्यक्रम में बहुत से छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें छात्र छात्राओं को डिजिटल इंडिया एवं धोखाधड़ी के संदर्भ में जानकारी दी साथ ही इस कार्यक्रम में आई आई के प्राचार्य जयंत बल्ली मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे एवं सभी छात्र छात्राएं अधिक से अधिक तादाद में कार्यक्रम में सहभागी बनिए

## भूपेश सरकार का बजट बिना आत्मा के शरीर, बिना पानी के नदी, बिना ऊंचाई के पहाड़ और फूले हुए गुब्बारे जैसा है-डॉ रमन सिंह



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने भूपेश सरकार द्वारा आज पेश की गई बजट पर ट्वीटर में अपने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भूपेश सरकार का बजट बिना आत्मा के शरीर, बिना पानी के नदी, बिना ऊंचाई के पहाड़ और फूले हुए गुब्बारे जैसा है, जिसमें न दूरदर्शिता है, न ही विजन है। महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों, मजदूरों, बुजुर्गों, बेटियों के लिए इस बजट में सिवाय निराशा के कुछ नहीं है।

## शाला त्यागी कन्याओं के लिए प्रवेश उत्सव अभियान शुरू

**भोपाल।** शाला त्यागी बालिकाओं को पुनः अपनी शिक्षा नियमित करने के उद्देश्य से महिला-बाल विकास विभाग द्वारा कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव अभियान शुरू किया गया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के लिए अभियान का मुख्य उद्देश्य 11 से 14 वर्ष की शाला त्यागी बालिकाओं को पहचान कर उनको स्कूलों में पुनः प्रवेश सुनिश्चित कराना है। अभियान का सम्पूर्ण लक्ष्य बालिका के जन्म का उत्सव मनाना और उनको शिक्षित कर सक्षम बनाना है। महिला-बाल विकास विभाग द्वारा शाला त्यागी किशोरियों को तीन सौ दिवस तक प्रोटीन, कैलोरी युक्त टेक होम राशन दिए जाने का भी प्रावधान है।

# बल्देवगढ़ तहसील में पदस्थ पटवारी को लोकायुक्त सागर ने 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**दैनिक पुष्पाजंलि टुडे ब्यूरो अजय खंगार**

**टीकमगढ़।** जिले की बल्देवगढ़ तहसील में पदस्थ एक पटवारी को लोकायुक्त पुलिस सागर द्वारा रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। लोकायुक्त की इस कार्रवाई से तहसील कार्यालय में हड़कंप मचा रहा। नामांतरण आदेश को कम्प्यूटर में दर्ज करने के एवज में 10 हजार की रिश्वत की मांग की गई थी। लेकिन फरियादी ने लोकायुक्त से मिलकर पटवारी को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़वा दिया। लोकायुक्त टीआइ मंजू सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र के कैलपुरा गांव निवासी राहुल राय पुत्र गोपाल राय उम्र 28 वर्ष द्वारा रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण का आदेश तहसीलदार से करवाया गया था। आदेश को कम्प्यूटर में दर्ज कराने के लिए पटवारी कन्हैया लाल मोघिया उम्र 49 वर्ष से राहुल राय लगातार मिन्नते कर रहा था। लेकिन वह लगातार रुपयों की मांग कर रहे थे। इसी बीच राहुल राय ने लोकायुक्त से संपर्क कर रिश्वत की मांग को लेकर शिकायत की। सागर लोकायुक्त में शिकायत होने के बाद पुलिस ने राहुल को एक टेप रिकॉर्डर दिया, जिसमें पटवारी की बातचीत रिकॉर्ड की गई। इसके बाद 10000 के केमिकल लगे हुए नोट राहुल को दिए गए, जो बुधवार को पटवारी को देना तय हुआ । बुधवार को सुबह तहसील कार्यालय में जैसे ही पटवारी मोघिया पहुंचे



और राहुल राय ने रिश्वत रूपी केमिकल लगे हुए 10000 उन्हें थमा दिए। पैसे लेने के बाद पटवारी कुछ समझ पाता तब तक लोकायुक्त की टीम ने दबोच लिया। टीम में शामिल टीआई मंजू सिंह और अभिषेक वर्मा सहित अन्य स्टाफ पहुंच गया और उन्होंने तत्काल ट्रेप की कार्रवाई कर विवेचना शुरू कर दी। लोकायुक्त पुलिस ने पटवारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पटवारी के रंगे हाथों पकड़ने के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। जहां पर लोकायुक्त की टीम ने आरोपित पटवारी को पकड़ा था। वहां पर खासी भीड़ लग गई।

## आपका विधायक आपके द्वार विधायक राकेश गिरी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**दैनिक पुष्पाजंलि टुडे ब्यूरो अजय खंगार**

**टीकमगढ़।** विधायक राकेश गिरी द्वारा टीकमगढ़ नगरपालिका के वार्ड नंबर 1 अनगड़ा बस्ती में एक जन चौपाल लगाई इस जन चौपाल में नगर पालिका अधिकारी रीता कैलासिया एवं संबंधित विभाग कर्मचारी तहसीलदार आरपी तिवारी पटवारी राहुल सहित विभिन्न विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। विधायक राकेश गिरी द्वारा बताया गया कि है, जन चौपाल आपका विधायक प्रशासनिक अधिकारी आपके द्वार पहुंच कर आम जनमानस की समस्याओं का तुरंत निराकरण करेंगे जिसके चलते यह जन चौपाल लगाई गई है। बताया गया है कि आज की जन चौपाल में बीपीएल कार्ड आवास योजना के लिए आवेदन आए हैं, एवं धारणा योजना के अंतर्गत मिलने वाले पट्टे के लिए आवेदन लिए गए हैं और शासकीय कार्रवाई पूर्ण होने के बाद लोगों को पट्टे भी वितरित किए जाएंगे और यह जन चौपाल विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में लगाई जाएगी और लोगों की जन समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार आपका विधायक आपकी सरकार आपका प्रशासन आपके द्वार के तहत कार्यक्रम किया जा रहा है और लोगों की समस्याओं का निराकरण शीघ्र कराया जाएगा।

## जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने वूमेंस डे के अवसर पर नर्सिंग स्टाफ एवं सफाई कर्मियो एवं 8 मार्च को जन्मी बच्ची का किया सम्मान

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की महिला सदस्यों ने सुखदेव हॉस्पिटल में जाकर 8 मार्च वूमंस डे पर नर्सिंग स्टाफ और सफाई कर्मी और एक फैक्ट्री में जाकर श्रमिक महिलाओं का सम्मान शॉल और श्रीफल देकर किया और महिला डॉक्टर का भी शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया और जिला अस्पताल जाकर 8 मार्च को जन्म लेने वाली 10 बच्चियों का कपड़े और खिलौने फल बिस्कुट आदि देकर सम्मान किया गया और रिपोर्टर महिला नीतू




जैन का भी सम्मान किया गया और महिला स्द्ध शशि तोमर और ब्यूटीशियन शिल्पी शर्मा का भी शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया हॉस्टल महिला वार्डन नीता श्रीवास्तव का भी सम्मान किया क्योंकि उन्होंने अपने हॉस्टल में हर सुविधाएं बच्चियों को दी है जोकि बहुत गरीब और गांव की है और बच्चियों को बहुत डिसिप्लिन में रखा हुआ है वूमंस डे के उपलक्ष में ही महिला हॉस्टल में जाकर छोटी बच्चियों को हाइजीन की जानकारी दी गई और उनको नैपकिन और हैंड वॉश दिए गए इस प्रोग्राम में आई पी पी जेसी स्मिता सिंघल अध्यक्ष जैसी आशु अग्रवाल सचिव जेसी रश्मि गोयल कोषाध्यक्ष जेसी संध्या अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक जेसी अंजना अग्रवाल मीडिया रिपोर्टर जेसी नीतू जैन जेसी नीता श्रीवास्तव जेसी रुचि मंगल जेसी तृप्ति अग्रवाल जेसी निशा गोयल जेसी रानी गोयल जेसी शिल्पी शर्मा जेसी शशि तोमर जेसी प्रियंका सोनी आदि महिलाएं उपस्थित रही




## पुलिस थाना पिछोर को सफलता मारपीट के प्रकरण में वांटेड गिरफ्तारी वारन्टी को गिरफ्तार किया

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया , एस.डी.ओ.पी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व टी.आई पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में लगातार स्थाई व गिरफ्तारी वारंट तामील का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में मुखबिर की सूचना पर ग्राम काली पहाड़ी भितरगंवा थाना पिछोर से मारपीट के प्रकरण में वांटेड गिरफ्तारी वारंटी कमल सिंह अहिरवार पुत्र मन्नूलाल निवासी ग्राम काली पहाड़ी भितरगवां थाना पिछोर जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया । वारंटी ने वर्ष 2020 में काली पहाड़ी भितरगंवा में फरियादी सुरेंद्र अहिरवार को अश्लील गालियां देकर मारपीट कर चोटें पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी थी । पुलिस थाना पिछोर टीम में सहायक उप निरीक्षक जहान सिंह ,शैलेंद्र सिंह चौहान , प्रधान आरक्षक प्रतिपाल सिंह चौहान की मुख्य भूमिका रही ।

# जो है हक़दार उन्हें ही नही मिलता सम्मान-पूनम धाकड़

### समाजसेवी पूनम धाकड़ ने महिला दिवस पर किया महिलाओं का सम्मान

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**

**ग्वालियर**- महिला दिवस पर बड़े बड़े बैनर लगाकर व बड़े-बड़े आयोजन कर महिलाओ का सम्मान तो हर कोई करता है परंतु मप्र की इस बेटी ने कुछ अलग किया उन्होंने सोमवार 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बड़े बड़े कार्यक्रमो में नही बल्कि स्कूल में सफाई कर्मचारी गरीब महिलाओं का सम्मान किया है।दरअसल समाजसेवी पूनम धाकड़ वैसे तो एक गृहणी हैं परंतु वह समाजसेवा में भी काफी रुचि रखती



हैं।वैसे तो पूनम धाकड़ मप्र के श्योपुर जिले की विजयपुर तहसील की निवासी हैं।और वह अखिल भारतीय किरार क्षत्रीय महासभा श्योपुर की जिलाध्यक्ष भी हैं साथ मे वह राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण संघ मध्यप्रदेश की कोषाध्यक्ष भी हैं।उपसम्पादक अर्पित गुप्ता से हुई बातचीत में पूनम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मेरे द्वारा उन महिलाओं को सम्मानित करने का छोटा सा प्रयास है जिन के महत्व को समाज अक्सर पहचान नही पाता है अथवा यह उस सम्मान से वंचित रह जाती हैं जिसकी वह असल में हकदार हैं।उन्होंने बताया कि सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्राइवेट स्कूलो में महिला सफाई कर्मचारी बहनों को साड़ी व मिठाई देकर सम्मानित किया गया।यहां बताना मुनासिब होगा कि पूनम धाकड़ जी को भी बीते वर्ष 2021 में मध्यप्रदेश गौरव रत्न सम्मान ग्वालियर से नवाजा जा चुका है।पूनम जी बताती हैं कि वह महिलाओं के हित व अधिकार दिलाने के लिए सदैव आगे रहेगी।

# विधानसभा में आज होगा छत्तीसगढ़ का वार्षिक बजट पेश, विधायको ने बजट सत्र के लिए लगाए

**रायपुर(छत्तीसगढ़)**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट आज पेश होने जा रहा है, सुबह 11 बजे राज्यपाल अनुसुईया उइके के अभिभाषण से इसकी शुरुआत होगी, और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दोपहर 12.30 बजे विधानसभा में छत्तीसगढ़ का वार्षिक बजट प्रस्तुत करेंगे। यह छत्तीसगढ़ में अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। सदन के पहले दिन दिवंगत पूर्व सांसदों-विधायकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस सत्र में 13 बैठकें होनी हैं।

### बजट सत्र के लिए 1682 प्रश्न विधायकों ने लगाए-

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने बताया कि तृतीय अनुपूरक अनुमान के लिए 7 मार्च का समय है, जिसके लिए 1 दिन का समय 8 मार्च रखा गया है। वहीं बजट सत्र के लिए प्रश्नों की संख्या 1682 है, जिसमें 854 तारांकित प्रश्न और 828 अतारांकित प्रश्न हैं। ध्यानाकर्षण की 114 सूचनाएं, स्थगन की 10 सूचनाएं, नियम 139 के अधीन अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा के लिए 4 सूचनाएं, अशासकीय संकल्प की 7 सूचनाएं, शून्यकाल की 16 सूचनाएं तथा याचिका की 45 सूचनाएं प्राप्त हुई है।



### 90त प्रश्न ऑनलाइन आए, कटाई से बचेंगे 58 पेड़-

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बताया कि कोविड-19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए इस बार सभी प्रश्न ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित किए गए थे। उन्होंने बताया कि बजट सत्र के लिए कुल 1682 प्रश्न प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1499 प्रश्न यानी 90 प्रतिशत ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने ऑनलाइन माध्यम से प्रश्नावली मंगाए जाने के लाभ को बताते हुए कहा कि इससे हर साल 2.2 टन कागज की बचत होगी, जिससे 58 वृक्षों की कटाई भी हर साल बच जाएगी। 1 लाख लीटर पानी की भी बचत होगी। पर्यावरण प्रदूषण भी कम होगा। इस नई पहल का लाभ छत्तीसगढ़ के साथ देश को भी मिलेगा।

## माता - पिता की सेवा सबसे बड़ा धर्म- धर्म गुरु दीवान साहब।

**पुष्पाजंली टुडे**


**मध्यप्रदेश** -कुक्षी क्षत्रिय सीरवी समाज के धर्मगुरु बिठुडा पिरान पूज्यनीय दीवान साहब गोपाल सिंह परमार राजस्थान अल्प प्रवास पर कुक्षी पहुंचे।ग्राम बढ़ग्यार के आई माता मंदिर की वर्षगांठ के धार्मिक आयोजन में जाने से पूर्व सुतार मोहल्ला बायपास स्थित श्री सती माता कालोनी में अंतिम मोहनलाल सेप्टा के निवास पर सेप्टा परिवार द्वारा दीवान साहब का शाल, श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया।धर्मगुरु ने आशीर्वचन देते हुए कहा- राजस्थान की धरती देव भूमि है।जहा आज भी आई माता द्वारा दिए गए पर्चे चमत्कार आई माता ने भेसो का भाटे पत्थर बनाए,मोजरी की धूल से पाल बनाई मौजूद है।धर्मगुरु ने कहा - मनुष्य को जीवन में कर्म करते रहना चाहिए, फल की चिंता नहीं करना चाहिए।हमारी आने वाली पीढ़ी संस्कार वान बने इसके लिए हमे अपने घरों से अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा,संस्कार देकर शुरुआत करना चाहिए।युवाओं से कहा कि



सदा अपने माता - पिता का आदर भाव ,उनकी सेवा करना चाहिए।माता - पिता की डाट - फटकार को लाड समझकर अनुसरण करना चाहिए।माता - पिता का आशीर्वाद आने वाली हर मुसीबतों से छुड़ाता है।इस अवसर पर कैलाश भायल,संजय कसेरा उत्तम किराना,रामाजी मुकाती,पूनम सीरवी,भूरालाल मुकाती,भाजपा नेता महेंद्र सेप्टा,सुरेशचंद सेप्टा,धर्मेंद्र चोयल,पप्पू भाई चारे वाला,संदीप चोयल,नारायण सेप्टा,हेमंत भायल,राजेश सेप्टा,मनीष कोसवाडा वाले,जीवाजी बिठुडा पिरान आदि भक्त उपस्थित रहे।

# सुख में सुनें या दुख में आनंद देती है भागवत कथा : रमेश भाई ओझा

### फूलबाग में संत रमेशभाई ओझा की श्रीमद्भागवत कथा आरंभ





ग्वालियर। फूलबाग में बनाए गए विशाल और भव्य सांईधाम में बुधवार से श्रीमद्भागवत कथा आरंभ हो गई। कथा के पहले दिन संत रमेशभाई ओझा ने श्रीमद्भागवत कथा का माहत्म समझाते हुए कहा कि परीक्षत कथा सुनते सुनते प्रभुधाम चले गए। कथा से उनकी जीवन और मृत्य दोनों धन्य हो गए। इस मौके पर कथा के मुख्यमार्गदर्शक अनूप मिश्रा एवं उनकी पत्नी श्रीमती शोभा मिश्रा, किशन मुद्गल, रामबाबू कटारे,अशोक शर्मा, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, रामबरन सिंह गुर्जर, संतोष शर्मा, ब्रजेश, कमल आदि ने भागवत महापुराण का पूजन किया।

संत रमेशभाई ओझा ने बुधवार को प्रथम दिन कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि कि आप ग्रहस्थ हो या संन्यासी, चाहे परमहंस क्यों न हो जाएं, कथा सेव्या है जो सबका कल्याण करती है। भागवत कथा से सरल कल्याण का दूसरा मार्ग नहीं हैं, इसलिए कथा का पठन करें, कीर्तन करें श्रवण करें। जिस रूप में भी कथा का सेवन करेंगे, मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि एक बार जिसको मुक्ति ने छू लिया, उसके लिए मोक्ष दुर्लभ नहीं हैं।

संतश्री ने कहा कि मनुष्य नहीं मनुष्यता दुर्लभ है। मनुष्य तो हर जगह व्याप्त है लेकिन मनुष्यता आसानी से देखने को नहीं मिलती। कैलाश मानसरोवर की यात्रा कठिन मानी जाती है, लेकिन वहां भी मेरी कथा में भारी भीड़ उमड़ी। अंतरिक्ष में भी मनुष्य पहुंच गया। संत और भगवान भी दुर्लभ नहीं हैं। भगवान तो सर्वत्र है, लेकिन संतों का सत्संग दुर्लभ है। भगवान हमारे चारों ओर है। वह हमारा सुरक्षा कवच है, इसलिए नास्तिकों को भी ईश्वर की जरूरत है।

#### कोरोना ने सिखाया ऑक्सीजन का महत्व

संतश्री ने कथा के दौरान पर्यावरण संरक्षा का भी संदेश देते हुए कहा कि कोरोना का कहर अब पूरा हो चुका है और करुणा की महर शुरू हो चुकी है। कोरोनाकाल के बाद बिना किसी कोरोना प्रतिबंध के यह मेरी पहली कथा है, हालांकि कोरोना के लॉकडाउन के दौरान भी विज्ञान के माध्यम से मेरी कथा श्रोताओं तक पहुंचती रहीं और कथा के प्रसार और प्रभाव को नहीं रोका जा सका, लेकिन कोरोना ने हमें ऑक्सीजन का महत्व समझा दिया, इसलिए हम ऑक्सीजन के महत्व को समझे। पेड़-पोधे लगाएं और पर्यावरण की रक्षा करें।

#### भागवत कल्याण का सरल उपाय.....

संत रमेशभाई ओझा ने कहा कि सद्गुरू मिलना कठिन है और मिल जाए तो उसका सानिध्य कठिन है और अगर सानिध्य भी मिल जाए तो गुरू की कृपा और उनकी महिमा का ज्ञान प्राप्त होना कठिन हैं, लेकिन भागवत ईश्वर कृपा प्राप्त करने का सबसे सरल उपाय है।

#### महत्व समझे, तभी होगी कथा सुनने की लालसा

उन्होंने राजा का उदाहरण देते हुए कहा कि राजा यदि बग्घी से कभी कभी दर्शन दे तो लोग उसे देखने के लिए उत्सुक होते हैं, लेकिन यदि वह हर रोज बाजार में गोलगप्पे खाते दिखे तो लोगों में उसे देखने की उत्सुकता नहीं होगी। इसी तरह परमात्मा ने स्वयं को अतिसुलभ कर लोगों की नजरों से छिपा लिया है, जिसकी वजह से लोग उन तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिस प्रकार सत्ता और संपत्ति का महत्व समझ आने के बाद हम उसे हासिल करने के लिए जुट जाते हैं उसी प्रकार भगवान और उसकी कथा का महत्व जब तक हमारी समझ नहीं आएगा, तब तक हम उसे पाने के लिए लालायित नहीं होंगे। लेकिन जब कथा का महत्व समझ नहीं आता है तो गधे की भांति संसार का बोझ उठाए चलते रहते हैं और आखिरकार जिंदगी खत्म हो जाती है, भगवान के सत्संग को समय नहीं दे पाते हैं। अज्ञानवश खुद को संसार के बंधनों में बंधा हुआ महसूस करते हैं। वे दुखी नहीं होने के बावजूद खुद को दुखी महसूस करते हैं, लेकिन जो प्रभु की कथा से जुड़ जाता है उसक ा जीवन आनंदमय हो जाता है।

उन्होंने कहा कि हम स्वप्नलोक की दुनिया में विचरण करते रहते हैं। दिन में जो करते हैं रात में भी वही सपने आते हैं। सपना तो सपना होता है। लेकिन उसका भय असली होता है। संसार को स्वप्नवत माने तो जीवन में कभी दुख नहीं झेलना होगा। सपने हमें सुखद लगते हैं, लेकिन वास्तविक जीववन में वे घाटा देते हैं।

उन्होंने कहा कि हकीकत में मनुष्य जीवन में दुख है नहीं लेकिन फिर भी इंसान दुखी हो रहा है, क्योंकि वह जागते हुए भी सपना देख रहा है, लेकिन जागने पर ही पता चलता है कि वह सपना देख रहा था। कथा के अंत में मुख्य यजमान डॉ मीना श्याम मूंदड़ा, हरीसिंह यादव, वंदना कमल शर्मा,, राजू समाधिया ने आरती की।

#### कथा पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

कथा से पूर्व सांईमंदिर विकास नगर से भव्य कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें आठ बग्घियों पर संत महंत विराजमान थे। 81 लोगों की बैंड मंडली और ढोल, शहनाई की धुन ने अध्यात्मिक धुनों का वादन करके वातावरण को धर्ममय बना दिया। इस दौरान 351 महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। कलश यात्रा में बग्घी पर प्रमुख रूप से दंदरौआ के संत रामदास महाराज, गंगादास की बड़ी शाला के महंत रामसेवकदास महाराज, ढोलीबुआ महाराज, जडेरुआ सरकार, दादाजी धाम के संत रमेशलाल प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया आज से ग्वालियर के तीन दिवसीय प्रवास पर



ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 10 मार्च को ग्वालियर के तीन दिवसीय प्रवास पर आयेंगे। श्री सिंधिया इस दिन प्रात- लगभग 11 बजे गतिमान एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुँचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 10 मार्च को दोपहर 12 बजे किशनबाग बहो?ापुर में 30 बिस्तरीय अस्पताल और आगरा-मुम्बई मार्ग से बरागाँव तक स?क निर्माण की आधारशिला रखेंगे। श्री सिंधिया इसके बाद अपरान्ह 3.45 बजे फूलबाग मैदान में पं. रमेशभाई ओझा की श्रीमद् भागवत कथा सुनने पहुँचेंगे। इसी क्रम में सायंकाल 5 बजे एमआईटीएस में ड्रोन स्कूल का शुभारंभ और बालक छात्रावास का लोकार्पण करेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया सायंकाल 6.30 बजे कटोराताल रो? स्थित छत्री परिसर में पहुँचकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अपने पिताश्री स्व. माधवराव सिंधिया जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित भजन संध्या में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 11 मार्च को प्रात- 9 बजे जयारोग्य अस्पताल समूह का निरीक्षण करने जायेंगे। श्री सिंधिया अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद दोपहर 1.45 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा ग?कोटा सागर के लिये प्रस्थान करेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ग?कोटा में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद सायंकाल 5.45 बजे वापस ग्वालियर लौटेंगे। श्री सिंधिया सायंकाल 6 बजे चेम्बर ऑफ कॉमर्स में सर्व वैश्य समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सायंकाल 7.15 बजे दैनिक भास्कर समाचार पत्र के हैल्थ केयर अवार्ड कार्यक्रम में भाग लेंगे। ग्वालियर प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 12 मार्च को प्रात- 7 बजे स्वच्छता अभियान ÷गली-गली ङ्क वार्ड-वार्ड÷ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद प्रात- 11.45 बजे कलेक्ट्रेट पहुँचकर ग्वालियर शहर की पेयजल आपूर्ति एवं शहर के विकास से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा करेंगे।






## 11 मार्च को ग्वालियर रहेगा 2 बजे तक बंद

### 10 मार्च को बंद के आव्हान के लिए दोपहर 2 बजे, चेम्बर भवन से शहर के तीनों बाजारों में निकलेगी वाहन रैली

ग्वालियर। हुण्डी ठग-आशु गुप्ता, उसके परिजन एवं संरक्षणदाताओं के खिलाफ एमपीसीसीआई के नेतृत्व में किये जा रहे आंदोलन की श्रंखला में 11 मार्च को ग्वालियर बंद की रूपरेखा बनाने के लिए चेम्बर भवन में सायं 5.30 बजे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष-विजय गोयल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल सहित विभिन्न बाजारों की एसोसिएशनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक के प्रारंभ में अध्यक्ष-विजय गोयल द्वारा उपस्थित सभी महानुभावों से 11 मार्च को बंद कराने की रूपरेखा पर अपने विचार व्यक्त करने का आग्रह करते हुए कहा कि ग्वालियर बंद को अभूतपूर्व बनाने के लिए हम सभी को मिलजुलकर प्रयास करना है। सभी बाजारों की एसोसिएशनों के पदाधिकारी अपने बाजार को बंद कराने के उत्तरदायित्व का निर्वाहन कर, सहयोग प्रदान करें।

बैठक में उपस्थित सभी महानुभावों ने एक स्वर में कहा कि हुण्डी कांड के आरोपियों, उनके संरक्षणदाताओं के खिलाफ क?ी कार्यवाही किए जाने तथा व्यापारियों के पैसे की वसूली व युवा उद्यमी हर्षिल साहनी को आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने वालों के खिलाफ 11 मार्च को दोपहर 2 बजे तक ग्वालियर बंद रखा जाये। हम सभी अपने प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखेंगे व अपने बाजार के प्रतिष्ठानों को भी बंद करायेंगे।

उपाध्यक्ष-पारस जैन ने कहा कि 11 मार्च के बंद में पेट्रोल पंप, दूग्ध डेयरी, मेडिकल एवं शैक्षणिक संस्थानों को बंद से छूट दी जाये।

संघर्ष समिति के सहसंयोजक एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने कहा कि 11 मार्च का बंद अभूतपूर्व हो इसके लिए ग्वालियर के तीनों शहरों में ऑटो से प्रचार कर, व्यापारियों से बंद का आव्हान किया जाये।

संघर्ष समिति के संयोजक एवं मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि ठगी कांड के आरोपियों एवं उनके संरक्षणदाताओं के खिलाफ जो विगत दिनों धरना-प्रदर्शन हुए हैं, उससे हम पूर्णत- आशान्वित हैं कि 11 मार्च का बंद अभूतपूर्व होगा। आपने कहा कि 11 मार्च को ग्वालियर के सभी प्रतिष्ठान 2 बजे तक पूर्णत- बंद रहेंगे। बंद के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सोशल मीडिया पर संदेश चलाया जायेगा ताकि शहर के सभी व्यापारी इससे अवगत हो सकें। दिनांक 10 मार्च को दोपहर 2 बजे चेम्बर भवन से वाहन रैली निकाली जायेगी जो कि शहर के प्रमुख बाजारों से होकर उपनगर ग्वालियर, हजीरा होते हुए मुरार से वापिस चेम्बर भवन तक आयेगी। 11 मार्च के बंद का आव्हान एवं अपील करने हेतु ऑटो के माध्यम से सम्पूर्ण ग्वालियर में संदेश चलाया जायेगा। पेट्रोल पंप, दूग्ध डेयरी, मेडिकल एवं शैक्षणिक संस्थानों को बंद से मुक्त रखा जायेगा।

बैठक में दाल बाजार व्यापार समिति के अध्यक्ष-गोकुल बंसल, सचिव-राजेश बांदिल 'मनीषक्क दि ग्वालियर होलसेल क्लॉथ मर्केन्टाइल एसोसिएशन, नया बाजार के सचिव-विजय जाजू, सोना एवं चांदी व्यवसाय संघ के अध्यक्ष-पुरूषोत्तम जैन, टोपी बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष-संदीप वैश?य, सुभाष मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधि-राम मोहन, गोपाल छाव?ा, अनिल केसवानी, प्रकाश अग्रवाल सहित कार्यकारिणी सदस्य-श?याम बंसल अप्पा, विवेक जैन, अंकुर अग्रवाल, रवि अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, पंकज गोयल, सुनील अग्रवाल, राकेश लहारिया, सुनील अग्रवाल आदि सहित काफी

### खुशखबरी : बजट में ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र को मिली 14 सड़कों की सौगात

## लगभग 32 करोड़ की लागत से बनेंगीं सड़कें

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह के प्रयासों से बजट में हुआ प्रावधान

ग्वालियर। राज्य सरकार के नए बजट में ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र को बड़ी सौगातें मिली हैं। बुधवार को विधानसभा में प्रस्तुत हुए राज्य के बजट में ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत 14 सड़कों के निर्माण के लिये लगभग 31 करोड़ 80 लाख का प्रावधान किया गया है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह के विशेष प्रयासों से ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र की इन सड़कों को बजट में शामिल किया गया है।

बजट में ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र की जिन सड़कों को शामिल किया गया है, उनमें बडेरा से दुहिया मार्ग लागत लगभग 3 करोड़ 40 लाख, खेडी से खेड़ा सिरसौद रोड तक लागत 3 करोड़ 96 लाख, मेघपुरा-महेश्वरा मेन रोड से नयागांव मार्ग लागत एक करोड़ 70 लाख, पटेल का पुरा से गुर्री बंजारों का पुरा तक लागत 3 करोड़ 25 लाख, केशपुर से चक रामपुर बेहटा मार्ग लागत 2 करोड़ 56 लाख व कुलैथ खेरिया रोड से भयपुरा मार्ग लागत एक करोड़ 5 लाख शामिल हैं।

इन सड़कों के साथ-साथ बरागांव से साडा बायपास रोड तक सड़क निर्माण कार्य लागत 5 करोड़ 23 लाख, भेलाखुर्द से रसीदपुर लागत एक करोड़ 5 लाख, भवनपुरा से नारायणपुरा लागत एक करोड़ 8 लाख, धुइया से सातलपुर लागत एक करोड़ 4 लाख, गोबई से चंद्रपुरा लागत एक करोड़ 10 लाख, किरावली से बंजारों का पुरा लागत एक करोड़ 35 लाख, खेड़ी से खेड़ा तक सड़क एवं पुलिया निर्माण लागत एक करोड़ 80 लाख और पारसेन से आलोरी मार्ग सुदृढ़ीकरण लागत लगभग 3 करोड़ 23 लाख को भी बजट में शामिल किया गया है।

## स्वच्छता हमारा सामूहिक अभियान, सभी की सहभागिता जरुरी: निगमायुक्त श्री कन्याल

### निगमायुक्त ने किया विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने नौगजा रोड पर निरीक्षण करते हुए गंदगी एवं अव्यवस्थित ठेलों को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए पूरे क्षेत्र में नियमित साफ सफाई करने एवं ठेलों को हाकर्स जोन में व्यवस्थित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री श्री जे एन पारा, सीसीओ श्री सुशील कटारे क्लस्टर ऑफिसर श्री एपीएस जादौन सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं निगम अमला मौजूद रहा।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने बस स्टेन्ड से निरीक्षण प्रारंभ करते हुए साफ सफाई व्यवस्था को देखा तथा सार्वजनिक शौचालयों व रोड स्वीपिंग, डिवायडरों व चौराहों के आसपास साफ सफाई को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके विनय नगर में मोहिते गार्डन के पास बन रहे नाले का निरीक्षण किया तथा नाला निर्माण में देरी को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कार्य पूर्ण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। वहीं बारहबीघा कॉलोनी में निरीक्षण करते हुए साफ सफाई का अवलोकन किया तथा बारहबीघा में नालों के मिलान को देखकर तत्काल मिलान कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही लधेडी क्षेत्र में साफ सफाई का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान पुरानी छावनी क्षेत्र में निरीक्षण किया और कचरा लेण्डफिल साइट केदार पुर निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

#### किले पर निगम ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

नगर निगम ग्वालियर के अमले द्वारा आज प्रातः से ही किले के ऊपर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा झा?ू लगाकर कचरे के ढेर साफ किए गए तथा किले पर घूमने आने वाले सैलानियों से स्वच्छता में सहयोग की अपील की गई। स्वच्छता अभियान के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने किले पर निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। किले पर निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री कन्याल ने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि किले पर सफाई व्यवस्था के लिए विभाग आवश्यक व्यवस्था करे तथा समय-समय पर सहयोग के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा अभियान चलाकर किले की सफाई

## 'देश की हिफाजत देश की सुरक्षा' के भाव के साथ सीआरपीएफ ने किया

### शहीदों के परिजनों का सम्मान




ग्वालियर। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में ÷देश की हिफाजत देश की सुरक्षा÷ थीम पर ग्रुप केन्द्र ग्वालियर में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के ग्रुप केन्द्र ग्वालियर के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री पी.सी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद जवान रामकृष्ण सिंह तोमर व श्री राय सिंह के ग्वालियर स्थित गृह निवास पर पहुँचकर परिवारजनों को सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें उपहार भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर समूह केन्द्र के उप कमाण्डेंट श्री महेन्द्र सिंह व सहायक कमाण्डेंट श्री धर्मेन्द्र कुमार यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के समूह केन्द्र ग्वालियर में सीआरपीएफ वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल वाइफ एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में महिलाओं ने एक से बड़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही रंगोली, ज्वैलरी, बुनाई व गमला निर्माण इत्यादि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं द्वारा

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478